उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला दैनिक समाचार पत्र | @timessarvoday@gamil.com | timessarvoday@gamil.com | timessarvoday@gamil.com | www.timessarvoday.in


हिन्दी दैनिक

# सर्वोदय टाइम्स

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI No. -UPHIN /2011/38288

लखनऊ से प्रकाशित व दिल्ली, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड से प्रकाशित



वर्ष: 16 | अंक : 199 | लखनऊ, सोमवार 12 जनवरी 2026 | मूल्य- 1.00 | पृष्ठ-08

## शिव भक्तों की भीड़, हाथों में डमरू ... शौर्य यात्रा में शामिल हुए पीएम मोदी, सोमनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

सोमनाथ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे के दूसरे दिन सोमनाथ पहुंचे, जहां उन्होंने शौर्य यात्रा में भाग लिया। यह शोभायात्रा सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर योद्धाओं की स्मृति में निकाली गई थी। यात्रा में 108 घोड़ों के साथ एक प्रतीकात्मक जुलूस शामिल रहा, जिसे शौर्य, साहस और बलिदान का प्रतीक माना जाता है। शोर्य यात्रा में पीएम एक अलग अंदाज में नजर आए। जिसमें उनके दोनों हाथों में डमरू थे और इस दौरान वहां पर भारी संख्या में शिव भक्तों की भीड़ थी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना की।



प्रधानमंत्री यहां आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। अपने संबोधन के दौरान वह सोमनाथ मंदिर पर हुए विदेशी आक्रमणों, उनके विरुद्ध संघर्ष करने वाले वीरों के बलिदान और सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा मंदिर के पुन. निर्माण की नींव रखे जाने जैसे ऐतिहासिक पहलुओं का उल्लेख कर सकते हैं।

स्वाभिमान पर्व के समापन के बाद प्रधानमंत्री मोदी राजकोट रवाना होंगे। वह दोपहर में मारवाड़ी विश्वविद्यालय, राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के तहत ट्रेड शो और प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करेंगे। इसके साथ ही कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के लिए वा. इब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस का औपचारिक शुभारंभ भी करेंगे और उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री गुजरात इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के 14 ग्रीनफील्ड स्मार्ट एस्टेट के विकास की घोषणा करेंगे और राजकोट में जीआईडीसी के मेडिकल डिवाइस पार्क का उद्‌घाटन भी करेंगे। शाम को वह अहमदाबाद में महात्मा मंदिर मेट्रो स्टेशन पर अहमदाबाद मेट्रो फेज–2 के शेष हिस्से का उद्‌घाटन करेंगे, जो सेक्टर–10ए से महात्मा मंदिर तक फैला है।

## एक नजर में...

### रेवाड़ी में पुलिस से मुठभेड़ में दो इनामी बदमाश घायल, गिरफ्तार

रेवाड़ी (आरएनएस)। हरियाणा के रेवाड़ी जिले में पुलिस और बदमाशों के बीच शनिवार देर रात जबरदस्त मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो इनामी बदमाश विकास और हर्ष तोतला घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, विकास और हर्ष ता. तला पर हत्या, लूट, डकैती सहित आधा दर्जन से अधिक संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं। इसके अलावा शहर थाना में भी इन दोनों के खिलाफ मर्डर और एससी–एसटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने विकास और हर्ष तोतला के अलावा अज्जू और एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रेवाड़ी सीआईए को बदमाशों के छुपे होने का गुप्त इनपुट मिला था। सूचना के आधार पर पुलिस ने जब रेड की तो बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। धारूहेड़ा थाना क्षेत्र के गांव जीतपुरा में खुद को पुलिस से घिरा देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें विकास और हर्ष तोतला के पैर में गोली लगी। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की गोली एक पुलिसकर्मी को भी लगी, लेकिन गनीमत रही कि उसने बुलेट प्रूफ जैकेट पहन रखी थी, जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस ने बदमाशों की कार से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए हैं। दोनों बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी हेडक्वार्टर डॉक्टर रविंद्र और डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण सहित पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### पहले माता के जेवर चुराए, फिर हाथ जोड़कर मांगी माफीय सीसीटीवी देख पुलिस भी हैरान

झांसी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के झांसी में आस्था और अपराध का एक अजीबोगरीब संगम देखने को मिला है। यहां एक चोर ने पहले मंदिर का ताला तोड़कर माता के जेवर चोरी किए और फिर जाते–जाते गर्भगृह में मातारानी के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगता नजर आया। चोरी की यह पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

गरौठा के बड़ी माता मंदिर का मामला घटना झांसी के गरौठा क्षेत्र स्थित गरौठा–मढ़ां रोड पर बने प्रसिद्ध बड़ी माता मंदिर की है। शनिवार रात अंधेरे का फायदा उठाते हुए एक अज्ञात चोर ने मंदिर को अपना निशाना बनाया। चोर ने पहले मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हुआ। इसके बाद उसने माता की मूर्ति पर चढ़े कीमती जेवरात उतार लिए।

सुबह जब श्रद्धालु रोजाना की तरह पूजा–अर्चना के लिए पहुंचे, तो वहां का नजारा देख सन्न रह गए। टूटा हुआ ताला और अस्त–व्यस्त सामान देख तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

## के. ए. पॉल ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से जुड़े विभाजन कालीन वादों को तत्काल पूरा करने की मांग की

नई दिल्ली, (आरएनएस)। डॉ. के. ए. पॉल, प्रजा शांति पार्टी के संस्थापक, ने रविवार को आंध्र भवन, नई दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार से 2014 के राज्य विभाजन के समय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से किए गए वादों को तत्काल पूरा करने की मांग की। डॉ. पॉल ने कहा कि संसद और केंद्रीय बजटों में बार–बार दिए गए आश्वासनों के बावजूद आंध्र प्रदेश को विशेष श्रेणी का दर्जा या उसके समकक्ष विशेष वित्तीय सहायता अब तक लागू नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि यह मामला वर्तमान में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में लंबित है। माननीय न्यायमूर्ति नरेंद्र के आदेश के तहत भारत सरकार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू तथा पूर्व मुख्यमंत्री वाई. एस. जगनमोहन रेड्डी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन 18 महीने बीत जाने के बाद भी कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। इस देरी को गंभीर और जनहित के विरुद्ध बताते हुए डॉ. पॉल ने दोनों नेताओं से 21 जनवरी 2026 तक उच्च न्यायालय में अपने–अपने जवाब दाखिल करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि विशेष वित्तीय सहायता से राज्य में विकास को गति मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा तथा राज्य की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। डॉ. पॉल ने केंद्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता के तत्काल क्रियान्वयन, वर्षों से लंबित पोलावरम सिंचाई परियोजना के शीघ्र पूर्ण होने, सड़क, जल, बिजली और रेलवे जैसे बुनियादी ढांचे के विकास तथा विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के संरक्षण की मांग की।

साथ ही, आंध्र प्रदेश से जुड़े अन्य लंबित वादों जैसे रेलवे जोन की स्थापना और प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा को भी शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया।

## अदाणी समूह कच्छ में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा

नई दिल्ली, (आरएनएस)। राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस 2026 में अदाणी समूह के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने घोषणा की कि उनकी कंपनी कच्छ में अगले 5 वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह निवेश कच्छ को भारत के सबसे बड़े औद्योगिक, लॉगिस्टिक्स और ऊर्जा हब में से एक बनाने में मदद करेगा । करण अदाणी ने कहा कि गुजरात ने हमेशा से ही उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा दिया है, और यह राज्य भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह गुजरात में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और कच्छ में विश्व की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा पार्क विकसित कर रहा है, जिसकी क्षमता 37 गिगावाट होगी । इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गुजरात ने हमेशा से ही देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## राजस्थान में गृह मंत्री अमित शाह ने 8,000 पुलिसकर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले–अब योग्यता के आधार पर दी जा रही नौकरी

जयपुर (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजस्थान दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जयपुर में राजस्थान पुलिस के 8,000 से अधिक पुलिसकर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। अमित शाह ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। साथ ही मुख्यमंत्री भ. जनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की तारीफ की। उन्होंने कहा, आज राजस्थान में हमारे हजारों नौजवानों को वर्दी मिली है, उनके परिवारजनों में एक नई उम्मीद जागृत हुई है और राजस्थान की कानून व्यवस्था को नई शक्ति मिलने जा रही है। इन तीनों रूपों से यह कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। अमित शाह ने प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए साफ किया कि अब सिफारिश नहीं, बल्कि योग्यता के दम पर युवाओं को नौकरी दी जा रही है। उन्होंने कहा, मैं आज राजस्थान की जनता से कहना चाहता हूं कि इन युवाओं को बिना खर्ची, बिना सिफारिश, उनके दम–खम के बल पर नौ. करी देने का काम राजस्थान की भाजपा सरकार ने किया है। इसमें भ्रष्टाचार का उन्मूलन भी है और योग्यता का सम्मान भी है। उन्होंने कहा, भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस सरकार के समय शुरू हुए पेपर लीक के सिलसिले को समाप्त किया है। कोई भी राज्य तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह मेरिट के युवाओं को आगे बढ़ा सके। कोई भी प्रदेश तभी आगे बढ़ सकता है, जब राज्य के कर्मियों की नियुक्ति पारदर्शी तरीके से हो। राजस्थान सरकार ने पेपर लीक पर रोक लगाई,



कानून व्यवस्था को मजबूत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान को अग्रणी इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन बनाने का काम किया है। आज पूरे देश के निवेशक राजस्थान आने की प्रतिस्पर्धा में लगे हुए हैं।

उन्होंने राजस्थान पुलिस की तारीफ करते हुए कहा, राजस्थान पुलिस एक प्रकार से देश की सबसे अग्रणी और सक्षम पुलिस बलों में स्थान रखती है। पाकिस्तान से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा, चंबल के दुर्गम बीहड़, थार का विशाल मरुस्थल, अजमेर शरीफ, पुष्कर, चित्तौड़गढ़ जैसे विश्वप्रसिद्ध टूरिस्ट स्पॉट, जयपुर, उदयपुर, जोधपुर जैसे परंपरागत ऐतिहा. सिक दुर्ग और महल, तथा रणथंभौर, सरिस्का, केवलादेव जैसे प्राकृतिक अभयारण्य... ये सभी राजस्थान में स्थित हैं। इन सबके कारण पुलिस की चुनौतियां कई गुना बढ़ जाती हैं। अमित शाह ने कहा, राजस्थान में भजनलाल सरकार बनने के बाद दो वर्षों में कुल अपराधों में लगभग 14 प्रतिशत की कमी आई है। नए कानूनों के तहत दर्ज होने वाले गंभीर प्रकार के अपराधों में 19 प्रतिशत, हत्या में 25 प्रतिशत, हत्या के प्रयास में 19 प्रतिशत, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार में 10 प्रतिशत, एससी–एसटी के खिलाफ अपराधों में 28 प्रतिशत, डकैती में 47 प्रतिशत और लूट में 51 प्रतिशत की कमी लाने का कार्य भाजपा की भजनलाल सरकार ने किया है।

उन्होंने कहा, राजस्थान पुलिस ने कई नई शुरुआतें की हैं। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया है। पुलिस के आधुनिक. ीकरण के लिए अभय कमांड सेंटर से सीसीटीएनएस, 112 और आईसीजेएस को इंटीग्रेट किया गया है। क्विक पेट्रोलिंग यूनिट की शुरुआत हुई है और एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स को भी सशक्त करने की शुरुआत की गई है। साइबर अपराध रोकने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा चलाए जाने वाले ढ्ढ4सी की तर्ज पर राजस्थान में साइबर हेल्पलाइन विंग की भी शुरुआत की गई है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कानून सुधार को अहम बताते हुए कहा, पहले अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानूनों का उद्देश्य अंग्रेज सरकार की रक्षा करना और उनका खजाना भरना था। नए कानूनों में तकनीक को अहम स्थान दिया गया है। आ. पराधिक न्याय प्रणाली के सभी स्तंभ को ऑनलाइन जोड़ दिया गया है। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए अलग चौप्टर बनाकर महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण का नया अध्याय भी सुनिश्चित किया गया है। आतंकवाद को पहली बार परिभाषित किया गया है, संगठित अपराध की नई व्याख्या की गई है और सात साल से अधिक सजा वाले मामलों में एफएसएल को अनिवार्य किया गया है। उन्होंने आगे कहा, इन कानूनों के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद जो भी एफआईआर दर्ज होगी, उसे केवल तीन वर्षों में सुप्रीम कोर्ट तक न्याय मिलने की व्यवस्था हो जाएगी। तारीख पर तारीख का दौर समाप्त हो जाएगा।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी को तैयार नई दिल्ली, फरवरी में जुटेंगे दुनिया भर के एआई विशेषज्ञ

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) 15 से 20 फरवरी 2026 तक होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी की तैयारियों में जुट गई है। यह सम्मेलन आ. र्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर एक बड़ा वैश्विक मंच माना जा रहा है, जिसमें दुनिया भर से नेता, नीति निर्माता, इनोवेटर्स और एआई विशेषज्ञ नई दिल्ली पहुंचेंगे। एनडीएमसी का लक्ष्य इस समिट के जरिए नई दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आधुनिक, स्वच्छ और तकनीकी रूप से सक्षम राजधानी के रूप में पेश करना है। जी–20 स्तर के आयोजन का अनुभव देने के लिए पूरे एनडीएमसी क्षेत्र में आधारभूत ढांचे, सफाई, रोशनी और सौंदर्यीकरण के व्यापक काम किए जा रहे हैं।



सड़कों और प्रमुख इलाकों पर विशेष ध्यान

एयरपोर्ट, भारत मंडपम, प्रमुख होटलों, राजनयिक क्षेत्रों और पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। गड्ढे भरने, फुटपाथ सुधार, साइनेज अपग्रेड, सेंट्रल वर्ज की पेंटिंग और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के काम तेजी से चल रहे हैं। भारत मंडपम के आसपास के इलाकों पर खास फोकस है, जहां 19 फरवरी को समिट का मुख्य उद्‌घाटन कार्यक्रम होगा।

सफाई और सौंदर्यीकरण अभियान

एनडीएमसी ने श्ऑपरेशन–क्लीनत्र के तहत सभी 14 सर्किलों में गहन सफाई अभियान शुरू किया है। प्रमुख बाजारों और सड़कों पर रोजाना यांत्रिक सफाई, धुलाई और विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। बागवानी विभाग को गोल चक्करों और सार्वजनिक स्थानों पर फूलों और सजावटी पौधों से शहर को सजाने के निर्देश दिए गए हैं।

वायु गुणवत्ता सुधार पर जोर

एआई समिट के दौरान वायु गुणवत्ता बेहतर रखने के लिए स्मॉग गन, मिस्ट स्प्रेयर और वॉटर स्प्रिंकलर लगाए जा रहे हैं। प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

जन सहभागिता और विशेष आयोजन समिट के दौरान 16 से 20 फरवरी तक कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा एआई कंपनियों के इंटरैक्टिव स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आम लोग भी एआई तकनीक से रूबरू हो सकेंगे।

सड़कों और फुटपाथों के रखरखाव, 100 प्रतिशत स्ट्रीट लाइट चालू रखने, ओवरहेड केबल हटाने और सजावटी रा. ेशनी की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही एक विशेष कंट्रोल रूम, नोडल अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर सुचारू यातायात और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

## रेलवे का बड़ा फैसला : छोटे स्टेशनों पर नॉन-स्टॉप ट्रेनों के लिए बजेंगे विशेष एनाउंसमेंट, दुर्घटनाएं रोकने का प्रयास

पटना (आरएनएस)। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे बोर्ड ने एक अहम और सख्त कदम उठाया है। अब देश भर के उन छोटे और मध्यम स्टेशनों पर, जहां से सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनें बिना रुके तेज गति से गुजरती हैं, वहां यात्रियों को पहले ही सतर्क कर दिया जाएगा। इसके लिए बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को प्री–रिकॉर्डेड (पूर्व–रिकॉर्डेड) घोषणाएं अनिवार्य रूप से बजाने का निर्देश जारी किया है।

रेलवे बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि तेज रफ्तार से गुजरने वाली ट्रेनों के कारण अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, इसलिए यात्रियों को समय रहते सावधान करना बेहद जरूरी है। बोर्ड द्वारा तय की गई यह घोषणा हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होगी और इसे पूरे देश में एक समान लागू किया जाएगा।



# लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के छठे स्थापना दिवस पर भव्य समारोह, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 150 पुलिसकर्मी सम्मानित

लखनऊ(आरएनएस ) पुलिस कमिश्नरेट के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर 11 जनवरी 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर, महानगर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस राजीव कृष्णा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कमिश्नरेट लखनऊ के पूर्व पुलिस आयुक्त ध्रुवकांत ठाकुर, पुलिस महानिदेशक एसएसएफध्नागरिक सुरक्षा पद्म शिरडकर, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश, पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेंद्र कुमार सेंगर सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, राजपत्रित अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।समारोह के दौरान साइबर अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं, कानून–व्यवस्था और प्रशासनिक दायित्वों के क्षेत्रों में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले 150 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने 19 पुलिसकर्मियों को व्यक्तिगत रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में बड़े खाने का भी आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी तथा पुलिस लाइन और सभी थानों में कार्यरत पुलिसकर्मी शामिल हुए। पूरे आयोजन में उत्साह, गर्व और आत्मविश्वास का वातावरण देखने को मिला।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में कानून–व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सुदृढ़, आधुनिक और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से 13 जनवरी 2020 को लखनऊ में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई थी। यह निर्णय प्रदेश की पुलिसिंग व्यवस्था में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल के रूप में देखा जाता है। कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद बीते छह वर्षों में लखनऊ पुलिस की कार्यप्रणाली में व्यापक और गुणात्मक सुधार दर्ज किया गया है। अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता मिली है और हत्या, लूट एवं डकैती जैसी संगीन घटनाओं में निरंतर कमी आई है। विशेष रूप से वर्ष 2025 में लखनऊ जनपद में डकैती की एक भी घटना न होना कमिश्नरेट व्यवस्था की प्रभावी कार्यशैली, सतर्कता और मजबूत सुरक्षा तंत्र का प्रमाण माना जा रहा है।महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने सेफ सिटी की अवधारणा को मजबूती से लागू किया है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और महिला संबंधी अपराधों में लगभग 20 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जिसे महिला सुरक्षा और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण की दिशा में भी कमिश्नरेट द्वारा कई अहम कदम उठाए गए हैं। मृतक आश्रितों को नियुक्ति, चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों का त्वरित निस्तारण, पीएसपी पैकेज के अंतर्गत बीमा राशि का भुगतान, बैरक और हॉस्टल, आवासीय भवनों का निर्माण, छह नए पुलिस थानों के प्रशासनिक एवं आवासीय भवन तथा 700 महिला रिक्रूट आरक्षियों के लिए हॉस्टल और अकादमिक ब्लॉक का संचालन किया गया है।समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने कहा कि लखनऊ पुलिस की उपलब्धियों का श्रेय बल के अनुशासन, साहस और कर्तव्यनिष्ठा को जाता है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 के बाद लखनऊ पुलिस ने साइबर अपराध को तकनीकी प्राथमिकता के रूप में विकसित किया है। इसके तहत समर्पित साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल और प्रत्येक थाने में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। साइबर अपराध की बदलती प्रकृति को देखते हुए उप निरीक्षकों को विशेष रूप से साइबर ठगी में धन की त्वरित रोकथाम और आईटी एक्ट से संबंधित विवेचनाओं के लिए प्रशिक्षित किए जाने की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया।

## संक्षिप्त खबरें...

### एसआईआर के आंकड़ों पर अखिलेश यादव का सवाल, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप

लखनऊ (आरएनएस) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में एसआईआर और वोट लूट के कथित समीकरण को सामने रखते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि एक ही समय पर केन्द्रीय चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर कराया, वहीं राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर कराया। हैरानी की बात यह है कि दोनों ही प्रक्रियाएं हर जगह एक ही बीएलओ के माध्यम से कराई गईं।अखिलेश यादव ने कहा कि इसके बावजूद दोनों एसआईआर के नतीजे एक–दूसरे से बिल्कुल उलट सामने आए। विधानसभा चुनाव के एसआईआर के बाद पूरे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2.89 करोड़ कम होकर केवल 12.56 करोड़ रह गई, जबकि पंचायत चुनाव के एसआईआर के बाद ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रक्रिया, समय और जिम्मेदार अधिकारी एक ही थे, तो आंकड़ों में इतना बड़ा अंतर कैसे आ सकता है।उन्होंने कहा कि सीधा सवाल चुनाव आयोग से है कि दोनों में से कौन सा एसआईआर सही है, क्योंकि ये दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि बीजेपी के दबाव में वोट लूट का जो गणित तैयार किया गया था, उसमें संतुलन बनाना भूल गए और अब पूरी पोल खुलकर सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से जुड़े इस तरह के विरोधाभासी आंकड़े लोकतंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं, जिनका जवाब जनता को मिलना चाहिए।

### भाजपा सबसे बड़ी सत्य विरोधी पार्टी, हर वर्ग से किया झूठा वादा : अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि भाजपा सबसे बड़ी सत्य विरोधी पार्टी है, जो झूठे वादे करती है और सत्ता में आने के बाद हर वर्ग को धोखा देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आशा वर्कर, किसान, नौजवान, मजदूर और व्यापारी सभी से बड़े–बड़े वादे किए, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने आशा वर्करों से भी किए गए वादों को पूरी तरह भुला दिया है। इसी कारण आशा बहनों के बीच भारी निराशा और गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि वादा खिलाफी करने के बाद भाजपा सरकार के शासन और प्रशासन से जुड़े लोग आशा बहनों को नीचा दिखाने के लिए गलत और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो न केवल अपमानजनक है बल्कि आक्रोश को और बढ़ाने वाला है। जब भाजपा के लोग यह कहते हैं कि आशा वर्कर अपने पतियों को बैठाकर खिलाती हैं, तो यह टिप्पणी अपने आप में सरकार की विफलता को उजागर करती है। इसका सीधा अर्थ यह निकलता है कि भाजपा के शासन में बेरोजगारी इस कदर बढ़ चुकी है कि आशा वर्करों के परिवारों में कोई काम करने वाला नहीं बचा है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद से लगातार आम जनता का अपमान कर रही है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरी तरह से जुमला साबित हुआ है। न तो किसानों को समय पर खाद और बीज मिल पा रहे हैं और न ही उनकी फसलों का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जा रहा है।

### लखनऊ में टिकैत राय लेबर कॉलोनी क्षेत्र की जलापूर्ति 12 जनवरी की शाम रहेगी प्रभावित

लखनऊ (आरएनएस) नगर निगम के जलकल विभाग ने नागरिकों को सूचित किया है कि शहर के टिकैत राय लेबर कॉलोनी क्षेत्र में स्थित ओवरहेड टैंक की नियमित सफाई का कार्य 12 जनवरी 2026, सोमवार को कराया जाएगा। इस आवश्यक रखरखाव कार्य के कारण उसी दिन सायंकाल के समय क्षेत्र की जलापूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है। जलकल विभाग के अनुसार, ओवरहेड टैंक की समय–समय पर सफाई जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। प्रस्तावित सफाई कार्य के चलते टिकैत राय लेबर कॉलोनी, सुप्पा रौस, बड़ा तालाब कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में शाम के समय पानी की आपूर्ति बाधित हो सकती है।

## लखनऊ में बंद घरों को निशाना बनाने वाला खतरनाक गिरोह धराया, भारी मात्रा में हथियार,

लखनऊ (आरएनएस) पुलिस कमिश्नरेट के उत्तरी जोन में अपराध शाखा लखनऊ और थाना मड़ियांव की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बंद घरों की रेकी कर ताले तोड़कर चोरी करने वाले चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से न केवल पीली और सफेद धातु के कीमती आभूषण और नगदी बरामद की, बल्कि अत्यंत गंभीर बात यह रही कि उनके पास से अवैध पिस्टल, तमंचे, बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस और आठ सुतली बम भी मिले, जिससे इलाके में किसी बड़ी आपराधिक वारदात की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। दिनांक 11 जनवरी 2026 को अपराध शाखा और थाना मड़ियांव की पुलिस टीम प्प्ड तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ शातिर अपराधी बंद घरों में चोरी कर भारी मात्रा में चोरी का माल लेकर एक सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल से दुबग्गा की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बताए गए वाहन को रोका और उस पर सवार चार व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया।पूछताछ में अभियुक्तों ने अपनी पहचान नवाब अली उर्फ सलमान अली उर्फ अर्जुन उर्फ अमन, आफताब, अफरोज उर्फ मोहम्मद फिरोज और शमशुल के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से सोने–चांदी के आभूषणों का बड़ा जखीरा, दस हजार रुपये नकद, चोरी में प्रयुक्त लोहे की रॉड, चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ–साथ दो अवैध पिस्टल, दो अवैध तमंचे, कुल 23 जिंदा कारतूस और आठ सुतली बम बरामद किए गए। बरामद आभूषणों और मोटरसाइकिल के संबंध में मड़ियांव, ठाकुरगंज, दुबग्गा और बीकेटी थानों में पहले से दर्ज चोरी के मुकदमों से उनका संबंध पाया गया।पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे बंद मकानों की रेकी कर ताला तोड़कर सोने–चांदी के आभूषण चुराते थे और उन्हें राहगीरों के माध्यम से बेचकर अपने शौक पूरे करते थे। साथ ही पकड़े जाने की स्थिति में पुलिस या लोगों से बचने के लिए अवैध हथियार और सुतली बम अपने पास रखते थे। यह खुलासा इस बात की ओर इशारा करता है कि यह गिरोह केवल चोरी तक सीमित नहीं था, बल्कि किसी भी समय गंभीर हिंसक वारदात को अंजाम दे सकता था।

पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं के साथ आयुध अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कई मुकदमे पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामदगी के आधार पर अलग–अलग अभियोग दर्ज किए गए हैं और अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जनपदों से भी जुटाई जा रही है।

## लखनऊ में चोरी की बड़ी वारदात टली, अंतर्जनपदीय गैंग के तीन शातिर चोर हथियारों समेत गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस) पुलिस कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन अंतर्गत थाना सरोजनीनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी का प्रयास कर रहे एक अंतर्जनपदीय गैंग के तीन शातिर चोरों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस, नकब लगाने के औजार और चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है।घटना 10 जनवरी 2026 की है, जब डायल–112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रांसपोर्टनगर चौकी क्षेत्र के सेक्टर–एफ में स्थित शिखर मेहरोत्रा के मकान में कुछ व्यक्ति चोरी का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलते ही गश्त पर तैनात थाना सरोजनीनगर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी पार्क की ओर भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया गया।पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपनी पहचान अभिषेक सिंह उर्फ प्रदीप सिंह, अमन यादव उर्फ सत्यम और शिवम यादव के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो अवैध तमंचा .315 बोर, तीन जिंदा कारतूस और दो सरिया आला नकब बरामद किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए पहले थाना विकासनगर क्षेत्र से एक अपाचे मोटरसाइकिल चोरी कर चुके थे और उसे छिपाने की फिराक में थे। पुलिस द्वारा गहन पूछताछ करने पर आरोपियों ने पहले हरदोई जनपद के बिलग्राम क्षेत्र में मोटरसाइकिल छिपाने की बात कही, लेकिन वहां तलाशी में कुछ नहीं मिला। इसके बाद सख्ती से पूछने पर आरोपियों ने अमौसी क्षेत्र के किसान पथ, पिपरसंड रोड के पास मोटरसाइकिल छिपाने की जानकारी दी।

## लखनऊ में ब्लाइंड मर्डर का सनसनीखेज खुलासा, 1289 सीसीटीवी खंगालकर तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

लखनऊ(आरएनएस ) पुलिस कमिश्नरेट के पूर्वी जोन अंतर्गत थाना विकासनगर पुलिस ने एक जघन्य ब्लाइंड मर्डर की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने लगभग 1289 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर न केवल हत्या की गुत्थी सुलझाई, बल्कि लूट की घटना में शामिल सभी आरोपियों को भी पकड़ लिया।

यह मामला 30 दिसंबर 2025 का है, जब डायल 112 पर सूचना मिली कि विकासनगर मोड़ पर एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर कूचकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। मृतक की पहचान लालाराम उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी ग्राम चन्देसुवा, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई।

लालाराम लाई–चना बेचने का काम करता था और विकासनगर मोड़ के पास सड़क किनारे ठेला लगाकर रात में वहीं सो जाता था।मृतक की पत्नी किरन देवी की तहरीर पर थाना विकासनगर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने जमीनी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार पड़ताल की। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचनाओं और तकनीकी विश्लेषण के बाद पुलिस ने 11 जनवरी 2026 को इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्तों का मृतक से पूर्व में विवाद था। इसी रंजिश के चलते उन्होंने साजिश रची, मृतक के सोने के स्थान की रेकी की और सुनसान समय का फायदा उठाकर ईंट से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद मृतक की जेब में रखे 7240 रुपये भी लूट लिए गए। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सोनू उम्र करीब 28 वर्ष, धनराज उम्र करीब 19 वर्ष और राहुल उर्फ शिवा उम्र करीब 25 वर्ष शामिल हैं। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमे को बढ़ाते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने इस सफल अनावरण को टीमवर्क और तकनीकी दक्षता का परिणाम बताया है, जिससे एक जघन्य अपराध के दोषियों को कानून के शिकंजे में लाया जा सका।

## लखनऊः उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



लखनऊ (आरएनएस )में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को अपने कैम्प कार्यालय, 7–कालिदास मार्ग पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्श आज भी देशवासियों के लिए मार्गदर्शक हैं और हम सभी को कर्तव्यपथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे।उप मुख्यमंत्री ने शास्त्री के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई और आजाद भारत को सशक्त तथा यशस्वी नेतृत्व प्रदान किया। सादगी उनकी पहचान थी और राष्ट्रहित उनके जीवन का मूल मंत्र। 'जय जवान–जय किसान' के अमर उद्‌घोष के माध्यम से उन्होंने देश को सुरक्षा, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का स्पष्ट मार्ग दिखाया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का जो संकल्प लिया गया है, वह वस्तुतः लाल बहादुर शास्त्री की उसी दूरदर्शी सोच का आधुनिक विस्तार है, जो देश को मजबूती और समृद्धि की ओर ले जाने में सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

# बीबीएयू में विश्वविद्यालय दिवस पर 'विकसित भारत' के संकल्प को लेकर सामाजिक परिवर्तन का आह्वान




लखनऊ(आरएनएस ) स्थित बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 11 जनवरी को तीन दिवसीय विश्वविद्यालय दिवस समारोह के अंतर्गत 'विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु सामाजिक परिवर्तन का आह्वान' विषय पर द्विसत्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. सदानन्द प्रसाद गुप्त, उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, अम्बेडकर फाउंडेशन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य डॉ. चमन लाल बंगा, आयोजन समिति के संयोजक एवं शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही तथा डॉ. बुद्धि सागर गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा महात्मा गौतम बुद्ध और बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। विश्वविद्यालय कुलगीत के पश्चात आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का पौधा, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. राजशरण शाही ने स्वागत उद्‌बोधन प्रस्तुत किया, जबकि मंच संचालन का दायित्व डॉ. बुद्धि सागर गुप्ता ने निभाया।कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने आयोजन समिति को सार्थक और विचारोत्तेजक कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में शिक्षण, अधिगम, शोध और विस्तार गतिविधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज विश्व पर्यावरण संकट, मानसिक तनाव, अवसाद और अशांति जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे समय में समस्त विश्व की आशा भारत की ओर है। इसका प्रमुख कारण भारतीय युवाओं की अपार शक्ति और कार्यक्षमता है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को विकसित राष्ट्र बनने की आधारशिला बताते हुए युवाओं से पर्यावरण संरक्षण में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने, रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल के सिद्धांत को अपनाने, स्वदेशी को बढ़ावा देने और 'वोकल फॉर लोकल' को सशक्त करने का आह्वान किया। साथ ही युवाओं को नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनने की प्रेरणा दी।प्रदेश हिन्दी संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. सदानन्द प्रसाद गुप्त ने 'विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु सामाजिक परिवर्तनः स्वभाषा की भूमिका' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भाषा और संस्कृति के बिना किसी राष्ट्र का वास्तविक विकास संभव नहीं है। उन्होंने स्वभाषा में कार्य करने और उस पर गर्व करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कृति, पहचान और मौलिक चिंतन का आधार है। उन्होंने भारतेन्दु हरिश्चंद्र, राजा राममोहन राय और अज्ञेय जैसे साहित्यकारों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गुलामी की शुरुआत भाषायी गुलामी से होती है, जिससे समाज सृजनकर्ता के बजाय अनुकरणकर्ता बन जाता है। उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने स्वदेशी और स्वबोध की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प के बिना चेतना को आलोकित नहीं किया जा सकता। उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को वास्तविक स्वतंत्रता से जोड़ते हुए स्वभाषा, स्वकर्तव्य और स्वबोध को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा पर गंभीर कार्य करने और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## क्षत्रिय पुरोधा श्रद्धांजलि समारोह में गौरवशाली इतिहास और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को किया गया नमन

लखनऊ (आरएनएस) । 11 जनवरी को उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति द्वारा आयोजित क्षत्रिय पुरोधा श्रद्धांजलि समारोह में क्षत्रिय समाज की गौरवशाली परंपरा, शौर्यपूर्ण इतिहास, त्याग, बलिदान और समाज सेवा को भावपूर्ण ढंग से स्मरण किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उस वीर परंपरा को नमन करने का क्षण है, जिसने सदियों से राष्ट्र और समाज को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज ने न केवल रणभूमि में मातृभूमि की रक्षा की, बल्कि नीति, मर्यादा, न्याय और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श भी समाज के सामने प्रस्तुत किया है। उनके त्याग और बलिदान आज भी जीवन के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।सभापति ने स्पष्ट किया कि बहादुरी को किसी जाति या धर्म के बंधन में नहीं बांधा जा सकता। देश का हर नागरिक जो मातृभूमि की रक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करता है, वही सच्चे अर्थों में क्षत्रिय है। ऐसे पराक्रमी वीरों को स्मरण करना हम सबका परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि महासमिति द्वारा इस तरह के कार्यक्रम की शुरुआत एक अनूठी पहल है, जिससे जहां हम अपने पुरोधाओं को याद करेंगे, वहीं आने वाली पीढ़ियों को भी गौरवशाली अतीत से जोड़ा जा सकेगा। ऐतिहासिक प्रमाण बताते हैं कि क्षत्रिय समाज ने हर कालखंड में लोक सेवक और राष्ट्रनायक की भूमिका निभाते हुए देश को विपदाओं से बचाया और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया।महासमिति के अध्यक्ष बाबा हरदेव सिंह ने कहा कि आज समाज अपने पूर्वजों को भूलता जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें...

### ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 28 मार्च को

**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,** बहराइच। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) बहराइच अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण हेतु जारी समय सारिणी के अनुसार दावेध्आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापनधनिस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 07 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक निर्धारित है।
दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों के कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हे मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केन्द्रोंध्स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही 21 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक की जायेगी। जबकि मतदाता सूचियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्रध्स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैंपिंग, मतदाता क्रमांकन, एस.वी.एन. आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियाँ कराने आदि की कार्यवाही के लिए 17 मार्च से 27 मार्च 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। डीएम अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समयसारिणी के अनुसार निर्वाचन नामावली का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 28 मार्च 2026 को किया जायेगा।

### कांग्रेस ने पटेल चौराहे पर किया प्रतीकात्मक भूख हड़ताल

श्रावस्ती । मनरेगा योजना में लगातार हो रही बजट कटौती और ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर हो रहे हमलों के विरोध में कॉग्रेस पार्टी के जिला कोआर्डिनेटर अमन पाण्डेय के नेतृत्व में कॉग्रेसियो ने रविवार को पटेल चौराहे पर "मनरेगा बचाओ संग्राम" के तहत प्रतीकात्मक भूख हड़ताल का आयोजन किया। इस अवसर पर अमन पाण्डेय ने कहा कि मनरेगा कोई खैरात नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों और मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के चलते गांवों में काम बंद हो रहा है, मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा और वे पलायन को मजबूर हैं। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि गरीब परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा को कमजोर करने की कोशिशें नहीं रुकीं तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान उन्होंने नारा दियाकृ "काम हमारा हक है, भीख नहीं।" इस दौरान जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव असलम (एडवोकेट), सेवा दल जिला अध्यक्ष शिवम पांडे, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोहम्मद इमरान, ब्लॉक अध्यक्ष यशोदानंदन शर्मा, जैन खां (जिला उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक), ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा तथा जिला सचिवध्कार्यालय प्रभारी मोहम्मद अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, विवेचना के दौरान महिला मुम्बई में मिली जिन्दा

गिरंट बाजार/श्रावस्ती । जनपद के थाना मल्हीपुर क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गंगापुर निवासनी 48 वर्षीय मायावती पत्नी गोली की बेटी दीपा की शादी हंसराज पुत्र परमेश्वर के साथ दो साल पहले ओरी पुरवा गांव में हुई थी। किन्तु बेटी अचानक ससुराल से गायब हो गई। जब यह बात मायके में मां मायावती को हुई तो वह मल्हीपुर थाने में पहुंची तथा सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण में पहुंची इसके बाद पति ,सास, ससुर समेत ससुराली जनों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की । न्यायालय के आदेश पर मल्हीपुर थाने में पति व ससुर सास सहित परिवार के 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचना सीओ सतीश कुमार शर्मा को मिली। उन्होंने थानाध्यक्ष मल्हीपुर अंकुर वर्मा के साथ टीम गठित कर पुलिस को जल्द इस मामले के तह जाने के लिए कहां यहां तक सर्विसलांस को भी खोजबीन में लगा दिया। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने लड़की के फोन नंबर पर संपर्क करना शुरू किया और उसके तह तक जाने के लिए पुलिस टीम को लगाया ही था कि थाना अध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि मुम्बई के पुणे में लड़की है और उस लड़की से बात हुई और पुलिस ने उसे समझा बुझाकर उसे थाने पर बुला लिया। । फिर हाल लड़की की मां मायावती को बुलाकर लड़की दीपा से बात करवाया तो लड़की ने बताया कि मैं अपने मर्जी से गई थी।

### संगठित गिरोह बनाकर चोरी करने से सम्बन्धित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सोनवा विसुनदेव पाण्डेय के नेतृत्व में चोरी से संबंधित '03 अभियुक्तगण' 1.काजिम पुत्र गोबरे नि0 मोलवी गांव थाना मटेरा जनपद बहराइच 2.अरमान उर्फ गुड्डू पुत्र कुनई नि0 रामीपुर थाना थानगांव जनपद सीतापुर 3.अंकुल पुत्र जग्गू नि0 सिपौली दा0 महादेवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर को शाहपुर कठौतिया साप्ताहिक बाजार लक्ष्मननगर में वादी मुकदमा विद्याराम पुत्र रामलाल सा0 फतुहापुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती व अन्य साथियों की जेब से रूपये व आधार कार्ड चोरी कर लेने के सम्बन्ध में तहरीर प्राप्त कर मु0अ0सं0 003/2026 धारा 112(2),303(2),317(2) बीएनएस थाना सोनवा में अभियोग पंजीकृत कर ग्रामीणों की मदद से अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया

**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,** बहराइच। जनपद के थाना विशेश्वर गंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुजरा में पुलिस प्रशासन की ओर से बहू–बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से बचाव तथा साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिलाएं बिना किसी भय के सीधे पुलिस से संपर्क करें।



महिला पुलिस टीम ने महिलाओं को अपराधों से बचाव, आत्मरक्षा एवं आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी। इस अवसर पर महिला आरक्षी स्नेहा द्विवेदी द्वारा कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना तथा उज्ज्वला योजना जैसी लाभार्थीपरक सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठाकर स्वावलंबी बन सकें।
कार्यक्रम में अपराध निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय एवं उप. निरीक्षक आशुतोष खरवार ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि पुलिस एवं सरकार उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और किसी भी परिस्थिति में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

## युगों तक प्रेरणा देते रहेंगे स्वामी विवेकानन्द : डा. वी.के. वर्मा

बस्ती । रविवार को स्वामी विवेकानन्द जयंती की पूर्व संध्या पर कबीर साहित्य सेवा संस्थान द्वारा प्रेस क्लब सभागार में साईमन फारूकी के संयोजन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक साहित्यकार डा. वी.के. वर्मा ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन वृत्त, योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि जब भारत कई टुकड़ों में विभाजित था, भुखमरी, महामारी से देश के अनेक हिस्से प्रभावित थे उस समय युवा सन्यासी ने देश को ऊर्जा देने के साथ ही शिकागो के भाषण से विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढाई, उन्होने धर्म को जीवन से जोड़ा और मुसीबत में होम्योपैथ की दवा लेकर सेवा करने निकल पड़े। युवा पीढी को ऐसे महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिये।वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा, अजीत श्रीवास्तव 'राज' तौव्वाब अली, डा. वाहिद अली सिद्दीकी, टी.पी. मिश्र, अर्चना श्रीवास्तव, अनुरोध कुमार श्रीवास्तव, सुशील सिंह पथिक आदि ने कहा कि अपने गुरू स्वामी रामकृष्ण के निधन के बाद विवेकानन्द के जीवन में नया मोड़ दिया. 25 वर्ष की अवस्था में उन्होंने गेरुआ वस्त्र पहन लिया, उन्होंने पैदल ही पूरे भारतवर्ष की यात्रा की. गरीब, निर्धन और सामाजिक बुराई से ग्रस्त देश के हालात देखकर दुःख और दुविधा में रहे विवेकानन्द करोड़ो युवाओं के प्रेरणा श्रोत बन गये।अध्यक्षता करते हुये वरिष्ठ कवि डा. राम कृष्ण लाल 'जगमग' ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द सदा अपने को गरीबों का सेवक कहते थे. भारत के गौरव को देश–देशांतरों में उज्ज्वल करने का उन्होंने सदा प्रयत्न किया. इस परम्परा को आगे बढाने की जरूरत है.। कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये. संचालन करते हुये वरिष्ठ साहित्यकार दीपक सिंह प्रेमी ने स्वामी जी के व्यक्तित्व कृतित्व के विभिन्न विन्दुओं पर प्रकाश डाला। कहा कि स्वामी विवेकानन्द सभी धर्मों का आदर करते थे यही कारण है कि सभी धर्मानुरागियों में उन्हें आदर प्राप्त है।
आयोजक साईमन फारूकी ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का दृढ़ विश्वास था कि अध्यात्म–विद्या और भारतीय दर्शन के बिना विश्व अनाथ हो जाएगा. उन्होने भारतीय दर्शन को विश्व में प्रतिष्ठित किया।
कार्यक्रम में शाद अहमद शाद, अमित कुमार उपाध्याय, राहुल चौहान, सागर गोरखपुरी, चन्द्रमोहन लाल श्रीवास्तव, ओमैसी, सन्तोष श्रीवास्तव, संजीव पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जमुनहा इकाई की बैठक संपन्न

श्रावस्ती । जनपद के जमुनहा तहसील प्रांगण में उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक तहसील अध्यक्ष बाबूराम पाठक के अध्यक्षता में में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए तहसील इकाई की नई कार्यकारिणी के गठन पर विस्तृत चर्चा किया गया। तथा यूनियन की सदस्यता कार्ड के सम्बन्ध में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। सभी उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों को आगामी मकर–संक्रांति खिचड़ी भोज के दिन नई कार्यकारिणी का गठन करने की सहमति जताई गई। वहीं तहसील अध्यक्ष के अगुवाई में जमुनहा एसडीएम संजय कुमार राय को नव वर्ष पर तहसील अध्यक्ष बाबूराम पाठक व संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने डायरी व कलेंडर भगवान राम दरबार भेंट किया तथा नववर्ष की बधाई दी।

## संस्कृति उत्सव युवा कलाकारों के लिए सुनहरा

**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,** बहराइच। उत्तर प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा को विश्व पटल पर अंकित करने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 10 से 15 जनवरी 2026 तक ''उत्तर प्रदेश पर्व–हमारी संस्कृति, हमारी पहचान'' के अन्तर्गत 'संस्कृति उत्सव 2025–26' का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति उत्सव के अन्तर्गत गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, उपशास्त्रीय नृत्य, जनजातीय वाद्य यंत्रध्लोक वाद्य, काव्य पाठ, लोक नृत्य, नोकनाट्य तथा सुगम विधाओं में किशोर व युवा आयु वर्ग के लिए गांव, पंचायत, ब्लाक, तहसील, जनपद, मण्डल एवं प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि 'संस्कृति उत्सव 2025–26' अन्तर्गत 10 से 13 जनवरी 2026 तक तहसील स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। तहसील स्तर पर चयनित प्रतिभागियों के लिए 14 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कपूरथला स्थित आडिटोरियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। डीएम ने बताया कि संस्कृत उत्सव अन्तर्गत किशोर कैटेगरी में 14 से 20 वर्ष तथा युवा कैटेगरी में 21 से 25 वर्ष आयु वर्ग के उत्तर प्रदेश के मूल निवासी किशोर व युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम पंचायत, ब्लाक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता के तहसीलदार, तहसील स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता के लिए उप जिलाधिकारी तथा जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता के लिए मुख्य विकास अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है।

## प्राइवेट बस के संचालन बंद होने से आवागमन प्रभावित

श्रावस्ती । जनपद के नानपारा गिरन्ट बदला चौराहा मार्ग पर सालों से प्राइवेट बसों का संचालन बंद था । जिसके चलते आम आदमी को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों की मांग पर उत्तर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की पहल पर रूपैडिहा डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी ओम प्रकाश साहू ने एक रोडवेज बस सेवा तो शुरू कर दी।
नानपारा गिरन्ट बदला चौराहा से बहराइच वाया लखनऊ के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू होने से आम आदमियों ने खुशी जाहिर की। परन्तु इकलौती रोडवेज बस के चलने से सुबह शाम तक आने जाने के लिए बस की संख्या कम होने से आम जनता को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए आज भी ई–रिक्शा का सहारा लेना पड़ रहा है।

## बहराइच ब्लास्टर ने 24 रनों से बहराइच योद्धा को हराया

### मैन अश्वफ द मैच जयप्रकाश ने खेली शानदार 58 रनों की पारी

**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,** बहराइच। स्व. कुशमेंद्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमर टाइप प्रीमियर लीग में आज ग्रुप बी का पहला मुकाबला बहराइच योद्धा एवं बहराइच ब्लास्टर के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी संदीप अग्रवाल मौजूद रहे ।विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहित छाबड़िया व डीसीए सचिव इशरत महमूद खान मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया गया। बहराइच ब्लास्टर के कप्तान जय प्रकाश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लास्टर के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए । ब्लास्टर की तरफ से जय प्रकाश ने 46 गेंदों में ताबड़तोड़ 58 रन व मृदुल श्रीवास्तव ने 38 रनों की बेहतरीन पारियां खेली। योद्धा की तरफ से रेहान खान ने 4 एवं अमन पावन ने 2 विकेट अपने नाम किए। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच योद्धा की तरफ से कुणाल यादव ने 66 गेंदों में 65 रन और अमन पावन ने 21



गेंदों में 20 की पारी खेली। बहराइच ब्लास्टर के 172 रनों का लक्ष्य के सामने बहराइच योद्धा 148 रन पर ही सिमट गई। और बहराइच ब्लास्टर ने 24 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत जय प्रकाश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।
रेहान खान को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अखिल अहमद ने निभाई । स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे । आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। इस दौरान सुनील राय,रामानंद सिंह, शानू खान,विजय शंकर , देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह, आशुतोष कैराती,सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## भाजपा नेता रमाकान्त पाण्डेय ने चौकीदारों में किया कम्बल का वितरणः दिया संदेश

बस्ती। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र से टिकट के प्रबल दावेदार रमाकांत पाण्डेय ने बुधवार को गौर थाने में चौकीदारों में कम्बल वितरित किया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा में चौकीदारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं उनके भूमिका की सराहना कर चुके हैं। वर्षो बाद भाजपा की सरकार में चौकीदारों को सम्मान के साथ ही उनके मानदेय और सुविधाओं में बढोत्तरी की गई। उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये उनका प्रयास जारी रहेगा। भाजपा नेता रमाकान्त पाण्डेय ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास अर्जित कर भाजपा समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान में जुटी है।

# नानपारा के ग्राम नन्हू जोत में आयोजित हुआ कम्बल वितरण कार्यक्रम

### विधायक बलहा ने एसडीएम के साथ वितरित किये कम्बल

**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,** बहराइच । निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम नन्हू जोत में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर ने उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के साथ 350 जरूरतमन्दों को कम्बल का वितरण किया। तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा आयोजित कम्बल वितरण शिविर के अवसर पर विधायक बलहा श्रीमती सोनकर ने कहा कि कम्बल वितरण से जरूरतमन्द लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने जिला प्रशासन विशेषकर उप जिलाधिकारी की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का प्रमुख दायित्व है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज के कमजोर



वर्ग को संबल मिलता है। विधायक बलहा ने समाज के सक्षम व्यक्तियों का आहवान किया कि वे भी ऐसे पुनीत कार्यों में भागीदार बने। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने कहा कि शासन व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि संवेदनशील एवं सक्रिय रहते हुए सभी चिन्हित जरूरतमन्दों तक समय से सहायता पहुंचायी जाये। इस असवर पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय व बलहा के हर्षित, थानाध्यक्ष नानपारा, राजस्व विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी–कर्मचारी तथा बड़ी संख्या ग्रामवासी मौजूद रहे।

## बहू बेटियों को को किया जागरूक

छावनी, बस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति के तहत रविवार को छावनी पुलिस के उपनिरीक्षक ने महिला आरक्षियो के साथ पत्रक बाँटकर महिलाओं व बच्चों को जागरूक किया। जिसमें थाने की महिला कांस्टेबल द्वारा अपने साथियों के साथ चौपाल भी लगाई गई। यह कार्यक्रम थाना क्षेत्र के लोनियापार गांव में आयोजित किया गया ।
बता दें कि पुलिस अधीक्षक बस्ती ने जनपद में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए थानावार रोस्टर जारी किया है। जिसके तहत छावनी थाने के उपनिरीक्षक सत्येंद्र यादव महिला कांस्टेबल गायत्री प्रजापति कामना के साथ गांव में स्थित पंचायत भवन पर मौजूद महिलाओं को मिशन शक्ति से संबंधित कार्यक्रम की जानकारी दी ।

## एसडीएम नानपारा ने बूथों का किया किया औचक निरीक्षण

**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,** बहराइच । विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 283–नानपारा के समस्त बूथों पर आयोजित मेगा कैंप एवं खुली बैठकों में बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया गया तथा इच्छुक मतदाताओं से प्रपत्र 6, 7 व 8 भी प्राप्त किए गये। उप जिलाधिकारी



मोनालिसा जौहरी ने बताया कि मतदेय सिलों पर आयोजित होने वाले मेगा कैम्प एवं खुली बैठक को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से सभी सम्बन्धित बीएलओ के साथ–साथ बीएलए, सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल, नगरीय क्षेत्रों में संबंधित नगर निकाय के क्षेत्रीय कर्मचारी जैसे टैक्स कलेक्टर, सैनेटरी इंस्पेक्टर, सफाई नायक, सफाई कर्मी, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत पंचायत सहायक, रोजगार सेवक इत्यादि, उचित दर विक्रेता, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, विद्युत विभाग के लाइन मैन व मीटर रीडर, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, विद्यालय के अध्यापक इत्यादि द्वारा उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया गया। उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा भाग संख्या 179 व 180 प्रा. वि. मेहरबान नगर एवं 156 से 160 कृषि उत्पादन मण्डी समिति नानपारा का स्वयं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित बीएलओ, सुपरवाइजर, बीएलए व अन्य सहयोगी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में मतदातागण उपस्थित मिले।
एसडीएम ने कामिकों को निर्देश दिया कि इस पूरी कवायद का मकसद त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार करना है। इसलिए बूथ पर आने वाले आमजन व मतदाताओं से प्रपत्र 6, 7 व 8 भरवायें तथा आलेख्य निर्वाचक नामावली (ड्राफ्ट सूची) को पढ़कर लोगों को सूची में नाम होने या न होने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जाये। श्रीमती जौहरी ने सभी सम्बन्धित कार्मिकों निर्देश दिया कि बूथ पर आने वालों से मित्रवत व्यवहार करें तथा उन्हें हर संभव अपेक्षित सहयोग भी प्रदान करें।

## सम्पादीय

# बीसीसीआई ने किया गड़बड़झाला

बीसीसीआई ने गड़बड़झाला किया। क्या अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत को बांग्लादेश से क्रिकेट संबंध तोड़ लेना चाहिए? बीसीसीआई ऐसा सोचती है, तो फिर उसने बांग्लादेश के खिलाड़ियों को आईपीएल नीलामी में क्यों शामिल किया?

टी–20 वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भारत ना आने का बांग्लादेश का एलान क्रिकेट और भारत दोनों के लिए अच्छी खबर नहीं है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान पर हुए विवाद के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से बांग्लादेश के सारे मैच वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के सह–मेजबान श्रीलंका में कराने की मांग की है। आईसीसी ने ये मांग मानी (या मांग ना माने जाने की स्थिति में बांग्लादेश ने टूर्नामेंट का बहिष्कार किया), तो उसका दूरगामी असर होगा। यह साफ है कि रहमान के मामले में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गड़बड़झाला किया। उसने उन्हें उन खिलाड़ियों की लिस्ट में रखा, जिन्हें आईपीएल की फ्रेंचाइजी टीमें खरीद सकती थीं।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने उन्हें खरीदा, तो एक भाजपा नेता और इस दल के समर्थक समूहों ने टीम के मालिक अभिनेता शाहरुख खान पर जुबानी हमले शुरू कर दिए। उन्हें गद्दार तक कहा गया। बेशक, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय इस समय निशाने पर है। उसको लेकर भारत के बहुसंख्यक समुदाय का नाराज होना लाजिमी है। लेकिन मुद्दा है कि क्या इसको लेकर भारत को बांग्लादेश से क्रिकेट संबंध तोड़ लेना चाहिए? बीसीसीआई ऐसा सोचती है, तो फिर उसने बांग्लादेश के खिलाड़ियों को आईपीएल नीलामी में क्यों रखा? उसके बाद राजनीतिक कारणों से किसी समूह विशेष ने भड़काऊ माहौल बनाया, तो क्या यह उचित नहीं होता कि बीसीसीआई अपने रुख पर कायम रहती और केकेआर को उचित संरक्षण देती?

लेकिन उसने रहमान को टीम से हटा देने की सलाह दी, जिस पर केकेआर ने फौरन अमल किया। उस पर बीसीबी ने भी उग्र प्रतिक्रिया दिखाई है। नतीजतन, सात फरवरी से शुरू हो रहे टी–20 वर्ल्ड कप से एक नया विवाद जुड़ गया है। भारत और पाकिस्तान के एक– दूसरे के यहां ना जाने के फैसलों की आंच पहले से ही क्रिकेट प्रतियोगिताओं पर पड़ी हुई है। क्रिकेट के कारोबार में भारत आज अव्वल ताकत है। फिर भी उन मामलों में आईसीसी के फैसले भारत के पक्ष में नहीं रहे। अब बांग्लादेश का पहलू भी जुड़ गया है। स्पष्टतः उसके असर से बतौर मेजबान भारत की छवि अप्रभावित नहीं रहेगी।

# कायस्थ वोट तोड़ सकती है भाजपा

नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के देश की राजनीति पर कोई असर हो या नहीं हो लेकिन पश्चिम बंगाल की राजनीति में इसके असर की चर्चा शुरू हो गई है। ध्यान रहे नितिन नबीन कायस्थ हैं और कायस्थों की मौजूदगी पूर्वी भारत के राज्यों में ही है। बिहार, झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और ओडिशा में ठीक ठाक संख्या में कायस्थ हैं। आबादी कम होने के बावजूद कायस्थ इन राज्यों की राजनीति को किसी न किसी रूप में प्रभावित करते रहते हैं। बीजू पटनायक और उनके बेटे नवीन पटनायक का लंबे समय तक ओडिशा में राज रहा है। बिहार में भी महामाया प्रसाद सिन्हा बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं। पश्चिम बंगाल में ज्योति बसु का सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड है। अभी पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। बिहार के ही मंगल पांडेय वहां के प्रभारी हैं। सो, बंगाल के चुनाव को यह घटनाक्रम निश्चित रूप से किसी न किसी स्तर पर प्रभावित करेगा।

ध्यान रहे पश्चिम बंगाल का भद्रलोक कायस्थ और ब्राह्मणों से मिल कर ही बना है। भद्रलोक आमतौर पर बंगाल की कला, संस्कृति, परंपरा इत्यादि का पोषक होता है। वह समझता है कि बंगाली अस्मिता की रक्षा का भार उसके कंधे पर है। इसलिए वह आमतौर पर भाजपा को वोट नहीं करता है।

पहले कम्युनिस्ट पार्टियों को और अब ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को उनका समर्थन मिलता है। भद्रलोक के अलावा जो दूसरा वर्ग है वह छोटोलोक का है। इस छोटोलोक का वोट मोटे तौर पर भाजपा को मिलता है।

पश्चिम बंगाल की दलित आबादी करीब 18 फीसदी और आदिवासी आबादी छह फीसदी है। इसका बड़ा हिस्सा भाजपा के साथ जाता है। उत्तरी बंगाल के आदिवासी बहुल इलाकों में तो भाजपा बहुत मजबूत है।

इस बार भी भाजपा को उम्मीद है कि दलित, आदिवासी और पिछड़ी जातियों के बड़े हिस्से का वोट उसको मिलेगा। उसे भद्रलोक में ममता बनर्जी के वोट में सेंध लगानी है। ब्राह्मण हो सकता है कि ममता बनर्जी को नहीं छोड़ें लेकिन नितिन नबीन के जरिए भाजपा कायस्थ वोट तोड़ सकती है।

हालांकि ममता बनर्जी के पास शत्रुघ्न सिन्हा के रूप में एक काट है। शत्रुघ्न सिन्हा ओरिजनल बिहारी बाबू हैं और अस्मिता की राजनीति में वे किसी भी कायस्थ या बिहारी नेता से बड़े ठहरते हैं। वे पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से दूसरी बार सांसद का चुनाव जीते हैं। अभी वे पूरी तरह से सक्रिय भी हैं। आमतौर पर विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को किसी की जरुरत नहीं होती है। लेकिन अगर इस बार जरुरत पड़ी तो शत्रुघ्न सिन्हा भी हैं और कीर्ति आजाद भी हैं।

कीर्ति आजाद क्रिकेटर रहे हैं, बिहार के हैं और मैथिली ब्राह्मण हैं। वे वर्धमान की सीट से तृणमूल कांग्रेस के सांसद हैं। इस बार भाजपा की ओर से नितिन नबीन और मंगल पांडेय तो ममता बनर्जी की ओर से शत्रुघ्न सिन्हा और कीर्ति आजाद भी मैदान में होंगे।

–हरिशंकर व्यास

# असम और पश्चिमी बंगाल में विधानसभा चुनावों की सुगबुगाहट बढ़ी

देश के दो बड़े सीमांत प्रदेशों में 2026 के पहले छह माह में विधानसभा चुनाव है। प्रदेशों में विधानसभा चुनाव प्राय महत्वपूर्ण ही होते हैं क्योंकि भारत की संघीय व्यवस्था में राज्यों के पास , वित्त, विदेश, संचार, सुरक्षा को छोड़कर सभी प्रकार के अधिकार होते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्यों को केंद्र सरकार की ओर से देखता है। इसलिए राज्य विधानसभा चुनाव बहुत गंभीर विषय राजनीतिक दलों के लिए होता है। राज्यसभा सदस्य भी इन्हीं विधानसभा सदस्यों द्वारा चुने जाते हैं।2026 में असम, पश्चिमी बंगाल, केरल, तमिलनाडू, और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव होंगे।

कांग्रेस के लिए ये चुनाव, विशेष कर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं।इन विधानसभा चुनावों के परिणाम से 2029 का रास्ता भी खुलेगा । भारतीय जनता पार्टी को असम में दस साल की सत्ता विरोधी लहर से भी निपटना है।जबकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का मिथक तोड़ना है।भारतीय जनता पार्टी के लिए इन चुनावों को इस दृष्टि से भी देखा जा सकता है कि दोनों राज्यों में मुस्लिम 28 से 35 फीसदी मतदाता हैं जो देश में सर्वाधिक है ।असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला बहुत ही रोचक होगा। असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने चुनाव को लेकर जो बयान दिए हैं वे ऐसा लगता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच है।अभी हाल में एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि वह उस तबके से बोट ही मांगेगे जो मुस्लिम है। उन्होंने तो यहां तक कहा है कि यद्यपि भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाएं सभी के लिए बराबर लेकिन फिर भी भारतीय जनता पार्टी पर असम के मुस्लिम नेता हिन्दू तुष्टिकरण का आरोप लगाते हैं। हेमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि बांग्लादेश से चकमा मुस्लिम घुसपेठ ने 70 वर्षों में असम की डेमोग्राफी बदल दी है। कुलमिलाकर असम का और बंगाल विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए आइडियोलॉजी के लिए भी लड़े जा रहे हैं। असम में कांग्रेस नेता गौरव गोगई ने भी चुनाव को लेकर राजनीतिक यात्राएं शुरू कर दी है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने चुनाव प्रभारियों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी को प्रभार दिया है जबकि भारतीय जनता पार्टी की ओर से भूपेंद यादव , देखेंगे।

–अजय दीक्षित

# विश्व हिन्दी–दिवस पर हिन्दी

**10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस है। औपनिवेशिक काल में हिन्दी प्रवासी श्रमिकों या गिरमिटियों के जरिये अनेक देशों में पहुँच गई थी, लेकिन हिन्दी को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित करने का महत्वपूर्ण और अपूर्व उपक्रम सन 1975 में तब हुआ, जब मराठीभाषी साहित्यकार अनंत गोपाल शेवड़े ने नागपुर में विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन में दुनिया के तमाम देशों से लोग आये। इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया था। लोठार लुत्थे और ओदोलन स्मेकेल जैसे विद्वानों और अभिमन्यु अनत जैसे लेखकों से मेरी मुलाकात वहीं हुई थी। बहरहाल, हिन्दी की महत्ता को तो बरसों पहले से सारे मनीषी बूझ रहे थे, किन्तु इस दिशा में सबसे ठोस और प्रभावी उपक्रम महात्मा गांधी ने किया वह सन 1918 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के उदघाटन के लिये इंदौर आये थे। उन्होंने हिन्दी के प्रचार–प्रसार की बात कही ओर समस्त भारतीय भाषाओं के लिए एक लिपि (देवनागरी) की अनिवार्यता की बात भी की।**

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल –ष्आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रणेता भारतेन्दु हरिशचंद्र ने जब यह बात कही थी, तब वह सभ्यता और संस्कृति के मर्म को उद्घाटित क रहे थे। देश–दुनिया पर नजर डालें तो हम सहज ही समझ सकते हैं कि विदेशी या विजातीय भाषा किस तरह वैयक्तिक, सामूहिक और राष्ट्रीय विकास में अवरोध व विकार उत्पन्न करती है। वह असमान विकास, जातीय और भौगोलिक संघर्षों और अनेक विभेदों को जन्म देती है। बहुधा वह भाषायी समूह या समूहों में हीनता बोध भी उत्पन्न करती है।

10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस है। औपनिवेशिक काल में हिन्दी प्रवासी श्रमिकों या गिरमिटियों के जरिये अनेक देशों में पहुँच गई थी, लेकिन हिन्दी को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित करने का महत्वपूर्ण और अपूर्व उपक्रम सन 1975 में तब हुआ, जब मराठीभाषी साहित्यकार अनंत गोपाल शेवड़े ने नागपुर में विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन में दुनिया के तमाम देशों से लोग आये। इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया था। लोठार लुत्थे और ओदोलन स्मेकेल जैसे विद्वानों और अभिमन्यु अनत जैसे लेखकों से मेरी मुलाकात वहीं हुई थी। बहरहाल, हिन्दी की महत्ता को तो बरसों पहले से सारे मनीषी बूझ रहे थे, किन्तु इस दिशा में सबसे ठोस और प्रभावी उपक्रम महात्मा गांधी ने किया वह सन 1918 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के उदघाटन के लिये इंदौर आये थे। उन्होंने हिन्दी के प्रचार–प्रसार की बात कही ओर समस्त भारतीय भाषाओं के लिए एक लिपि (देवनागरी) की अनिवार्यता की बात भी की। उनके शिष्य काका कलेलकर ने इस दिशा में काफी प्रयास किये। यह भारतीय भाषाओं के प्रति अनुराग से उपजा साहस ही था कि स्वतंत्रता की बेला में जब बीबीसी का संवाददाता उनसे साक्षात्कार के लिये पहुंचा तो उन्होंने साहसपूर्वक दो टूक कहा कि जाओ, दुनिया से कह दो कि गांधी अंग्रेजी भूल गया।

इस बात में शक नहीं कि हिन्दी वैश्विकता के सन्दर्भ में हमें एक नहीं अनेक गांधी चाहिये। हमें बहुत सारे गांधियों की आवश्यकता है। यदि हमें हिन्दी चाहिये तो हमें बहुत सारे गांधी चाहिये, जो सविनय – साग्रह देश–देशांतर में हिन्दी का विस्तार कर सकें। भाषा के विविध आयाम होते हैं। वह अभिव्यक्ति का माध्यम मात्र नहीं है, वरन संस्कृति का सेतु, सम्पर्क साधन और अस्मिता का प्रतीक भी है। वैश्विक मंच पर वह किसी देश की पहचान भी है। गौर करें कि आज वैश्विक परिदृश्य में हिन्दी की स्थिति क्या है? विश्व के सर्वाधिक आबादी के देश की सर्वाधिक व्यवहृत भाषा यूएनओ में पैठ तो दूर, प्रवेश से वंचित है। विश्व हिन्दी सम्मेलन दुनियाभर के हिन्दी प्रेमियों के जमावड़े हैं, लेकिन वे योरोप, अफ्रीका अथवा लातिनी अमेरिका में हिन्दी के प्रति उत्सुकता जगाने में कमोबेश विफल रहे हैं। हिन्दी सिर्फ अकादेमिक संस्थाओं में पढ़ाये जाने तक सीमित है। सन 70 की परवर्ती दहाई में लौटें तो बहुत कुछ स्वागतेय हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी ने चार अक्टूबर सन 1977 को संयुक्त राष्ट्र संघ में पहला भाषण दिया था और यह भाषण उन्होंने हिन्दी में दिया था। इसके बाद उन्होंने 10 अक्टूबर और 24 सितंबर, 1998 में यूएनओ में भाषण दिया। पहले दो भाषण उन्होंने बतौर विदेश मंत्री दिये और तीसरा भाषण उन्होंने बहैसियत प्रधानमंत्री दिया। गौरतलब है कि उन्होंने अपना पहला भाषण हिन्दी में दिया था, मगर बाद के दोनों भाषण उन्होंने अंग्रेजी में दिये। क्यों? प्रश्न महत्वपूर्ण है। उत्तर तलाशिये। बहुत कुछ समझ में आ जायेगा। प्रसंगवश यह भी मायने रखता है कि विदेश नीति में, विदेश मंत्रालय में और दुनिया के तमाम देशों में स्थित भारत के दूतावासों में हिन्दी की क्या हैसियत है? इन संकायों में हिन्दी में सोचने, हिन्दी में बोलने और हिन्दी में प्रश्नोत्तरी की क्या स्थिति है?

10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस है। इसका इकलौता उजला पक्ष यह है कि यह वैश्विक संदर्भों में हिन्दी की महत्ता और स्वीकार्यता को व्यक्त करता है, किन्तु इसके साथ–साथ हिन्दीजनों के सम्मुख कई कर्त्तव्य और चुनौतियां भी खड़ी करता है। क्या कोई अन्य दिवस अपनी भाषा से जुड़ा दिवस मनाता है? चीन में मंदारिन, रूस में रूसी, स्पने में स्पेनिश, फ्रांस में फ्रेंच या इस्रायल में हिब्रू डे मनाया जाता है? ये सारे देश राजनीतिक उथलपुथल के भी शिकार रहे हैं। स्वाभिमानी नागरिक न सिर्फ अपनी भाषा को जीवित रखते हैं, बल्कि उसकी प्रतिष्ठा और परिमार्जन में कोई कोर कसर नहीं उठा रखते। यहाँ हिन्दी भाषी देश की सीमाओं के भीतर ही हीनताबोध से ग्रस्त नजर आते हैं। वे प्रतिष्ठित मंचों पर हिन्दी बोलने में लजाते हैं। हिन्दी पट्टी की सांस्कृतिक राजधानी प्रयाग से निकले शबिग बीश बालीवुड में ज्यों–ज्यों कामयाबी की सीढ़िया चढ़ते हैं, समारोहों में हिन्दी की जगह अंग्रेजी बोलते दीखते हैं। सिनेमा हो या खेल हो या कोई और क्षेत्र अधिकांश सेलीब्रिटीज अंग्रेजी बोलने में फख्र महसूस करते हैं।

भाषा से जुड़ा एक और पहलू यह भी कि विज्ञान या चिकित्सा की शिक्षा और दुनिया में हिन्दी की स्थिति क्या है? शोधार्थियों या जिज्ञासुओं के लिये कितनी स्तरीय व प्रामाणिक सामग्री हिन्दी में उपलब्ध है? क्या हम हिन्दी भाषियों को सन्दर्भ जुटाने के लिये अंग्रेजी की शरण में नहीं जाना पड़ता? इस पर भी गौर करें कि नौकरशाही और कार्पोरेट की दुनिया में हिन्दी की क्या स्थिति है? क्या वहां हिन्दी की अर्जियां सकारी जाती हैं अथवा हिन्दी में संवाद को तरजीह दी जाती है? भाषा बहता नीर है, लेकिन आज भाषा के साथ क्या सलूक हो रहा है हिन्दी और उर्दू परस्पर हमजोली हैं, लेकिन भाषा की शुद्धता के नाम पर हिन्दी को दुर्बल और हास्यास्पद बनाने का तमाशा जारी है। भाषा को धर्म या संप्रदाय से जोड़ना नितांत आत्मघाती और मूढ़ता का परिचायक है। जरूरत भाषा को बचाने और अर्थगर्भी बनाने की की नहीं, अधिक से अधिक व्यवहार से उसे व्यापक, गहरा और अर्धगर्भी बनाने की है। सच है कि समाज भाषा को बनाता है और भाषा को समाज बनाती है। दोनों ठौर उदारता और खुलापन जरूरी है। वसुधैव कुटुबकम के लिये उदारचरित जरूरी शर्त है। भाषा पंचमेल खिचड़ी की तरह है। उसमें तरह–तरह के रंग, स्वाद और महक की दालें मिलाइये, लेकिन उसे गर्द और कंकड़ों से बचाये रखना होगा। आज हिन्दी में पत्र–पत्रिकाओं की क्या स्थिति है? नामीगिरामी लोकप्रिय पत्रिकायें बंद हो चुकी हैं। बीसवीं शती में हिन्दी के कई जागृत केंद्र थेय बम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद से लेकर लखनऊ, वाराणासी, इलाहाबाद, भोपाल, इंदौर, पटना, कानपुर और अनेक। आज इन केन्द्रों की क्या स्थिति है? डॉ. प्रभाकर श्रोत्रिय सही कहते थे कि केन्द्रों की बहुलता हिन्दी–जगत को भास्वर करती थी।

हिन्दी का पाट चौड़ा है, लेकिन गहरा, निर्मल और प्रवहमान नहीं, जबकि वह विकेंद्रित होकर ही बच और बढ़ सकेगी। हिन्दी के किसी साहित्यकार को नोबेल पुरस्कार नहीं मिलना भी विचारणीय है। यूनेस्को ने सन 2003 में दिल्ली को विश्व पुस्तक राजधानी चुना था। दो दहाई बाद भी क्या दिल्ली दुनिया में सिरमौर है?

तो 10 जनवरी को हम विश्व हिन्दी दिवस मनाने के अधिकारी है या नहीं और उसके तकाजों को कितना पूरा कर रहे हैं? हिन्दी अपने घर प्रवासिनी है या नहीं का उत्तर भी आप ही देंगे।

–डॉ. सुधीर सक्सेना



# आज का राशिफल


**मेष**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। नया काम शुरु करने का विचार आपके मन में आयेगा। किसी दोस्त से अचानक मुलाकात आपके भविष्य लिए फायदेमंद साबित होगी, किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होगी।


**तुला**
आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आज समाज में आपकी एक अलग ही छवि निखर कर सामने आयेगी। ऑफिस में जो काम आपने किया है, उसको संभाल कर रखें। कभी भी उसकी जरूरत पड़ सकती है। बॉस आपको किसी जरूरी काम से दूसरे शहर की यात्रा पर भेज सकते हैं।


**वृष**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। छोटे स्तर पर शुरु किया गया व्यापार आपके लिये लाभकारी रहेगा। आपने जो लक्ष्य निर्धारित कर रखें हैं, आज उनके काफी करीब पहुंच जायेंगे। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपनी समझदारी से आप उन्हें कामयाब नहीं होने देंगे।


**वृश्चिक**
आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। महिलाएं आज रसोई घर में काम करते हुए थोड़ी सावधानी जरूर बरतें। आज आपमें सफलता और उच्चपद पाने की इच्छा जागृत होगी, जिससे आप और अधिक मेहनत करेंगे। इस राशि के जो लोग एक्टिंग के क्षेत्र से जुड़े हैं ।


**मिथुन**
आज का दिन खुशियां लेकर आया है। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, आज उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जो लोग उच्च शिक्षा पाने की इच्छा रखते हैं, उन्हें आज किसी अच्छे कॉलेज में दाखिला मिलेगा। आज आप मानसिक रूप से स्वस्थ बने रहेंगे।


**धनु**
जो लोग मार्केटिंग के क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें काफी धनलाभ होने वाला है
भविष्य की योजनायें बनाने के लिये आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग के क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें काफी धनलाभ होने वाला है ।


**कर्क**
आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज आपको अपने वाणी पर संयम रखने की जरुरत हैं। इस राशि के जो लोग डॉक्टर हैं आज वो नयी क्लीनिक की ओपनिंग करने का मन बनायेंगे, जिसमें परिवार वालों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आपके बिजनेस में बढ़ोतरी होगी।


**मकर**
आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज किसी कार्य में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीतिक से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सीनियर नेता आपके कामों की तारीफ कर सकते है।


**सिंह**
आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी सरकारी अधिकारी का सहयोग मिलने से प्रसाशनिक कार्य पूरा होगा।
जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। आज आपके दिमाग में नये–नये विचार आयेंगे।


**कुम्भ**
आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज कोर्ट कचहरी में चल रहे मुकदमों का हल आपके पक्ष में आयेगा।
राजीनीति से जुड़े लोगों को आज किसी सामाजिक समारोह में जाने का मौका मिलेगा। आज आपको अचानक धन लाभ होने वाला है।


**कान्या**
आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला हैं। साइंस और रिसर्च की फिल्ड से जुड़े लोगो को आज नया प्रोजेक्ट मिलेगा। पूराने कामों का निपटारा करने के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। लोग आपकी मदद के लिये भी तैयार रहेंगे। बड़ों का दिया हुआ ।


**मीन**
आज का दिन मिला–जुली प्रतिक्रिया देने वाला है। आज कुछ नए मौके भी मिलेंगे, जो आपको आर्थिक लाभ कराएंगे।
पिछले किये गये प्रयासों का फल आज मिलने वाला है। किसी भी समस्या पर घबराने की बजाय अपनों की सलाह लें।

# नाखूनों पर आधा चांद क्या होता है इसका मतलब? हर उंगली पर अलग संकेत

कई लोगों के नाखूनों के ऊपर सफेद रंग का आधे चांद जैसा निशान दिखाई देता है। इसे आम भाषा में हाफ मून कहा जाता है। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, शरीर पर मौजूद ऐसे छोटे–बड़े निशान व्यक्ति के स्वभाव, भाग्य और भविष्य के बारे में संकेत देते हैं। नाखूनों पर बना यह आधा चांद भी शुभ और अशुभ दोनों तरह के संकेत दे सकता है और हर उंगली पर इसका अर्थ अलग होता है। आइए जानते हैं कि किस उंगली के नाखून पर आधा चांद होना क्या दर्शाता है।



**अंगूठे पर आधा चांद**

अगर अंगूठे के नाखून पर आधा चांद साफ दिखाई देता है, तो इसे बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे लोग भाग्यशाली होते हैं, जीवन में तरक्की करते हैं और सुख–समृद्धि प्राप्त करते हैं।

**छोटी उंगली (कनिष्ठा) पर आधा चांद**

हाथ की सबसे छोटी उंगली को कनिष्ठा कहा जाता है। इस उंगली पर आधा चांद होना धन लाभ और व्यापार में सफलता का संकेत माना जाता है। ऐसे लोगों को पैसों से जुड़े मामलों में फायदा मिलता है।

**मध्यमा उंगली पर आधा चांद**

हाथ की बीच वाली उंगली यानी मध्यमा के नाखून पर आधा चांद होना धन लाभ और शुभ समाचार मिलने का संकेत माना जाता है। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, ऐसे लोगों को मशीनों या तकनीकी कामों से लाभ हो सकता है।

**तर्जनी उंगली पर आधा चांद**

अंगूठे के पास वाली उंगली को तर्जनी कहा जाता है। अगर इसके नाखून पर आधा चांद हो, तो यह नौकरी और करियर में सफलता का संकेत माना जाता है। यह उंगली पर बना निशान अच्छे अवसर मिलने की ओर इशारा करता है।

**अनामिका (रिंग फिंगर) पर आधा चांद**

मध्यमा और छोटी उंगली के बीच वाली उंगली को अनामिका या रिंग फिंगर कहा जाता है। इस उंगली पर आधा चांद बना होना सुख–समृद्धि और खुशहाल जीवन का संकेत माना जाता है।

# सड़कों पर फर्राटा भर रहे ओवरलोड व ओवरहाइट वाहन आखिर किसकी छत्रछाया

## योगी जी के दावों को पलीता लगा रहे गोण्डा के कुछ अधिकारी नही रिसीब करते सीयूजी फोन

**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,**गोण्डा। जिले में आलम यह है कि समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित किए गए भ्रष्टाचार की खबरों पर कार्यवाही करना तो दूर उसको संज्ञान में भी न लिए जाने से भ्र्ष्टाचारियों को लूट की छूट दिए जाने जैसा लग रहा है।


**'पूर्व डी.एम.श्रीमती नेहा शर्मा के कार्यशैली की आज भी हो रही प्रसंशा'**

चर्चा है कि यदि पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के वाट्सअप पर किसी के द्वारा भ्र्ष्टाचार से सम्बंधित खबरें भेजा जाता था य उनके मोबाईल पर फोन करके बताया जाता था तो उनके द्वारा त्वरित एक्शन लेते सम्बंधित अधिकारी के पास कार्यवाही हेतु भेजकर सम्बंधित को भी सूचित किया जाता था अब तो आलम यह है कि सभी जिम्मेदारों का फोन मातहत रिसीव करके कहते हैं कि साहब व्यस्त हैं।

**'पूर्व डीएम नेहा शर्मा का भ्र्ष्टाचार पर कड़ी कार्यवाही'**

जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा खबरों को संज्ञान लेकर बार–बार कराए गए छापेमारी के चलते संभागीय परिवहन कार्यालय गोण्डा में पल रहे कई दलालों को जेल की हवा खानी पड़ी व सम्बंधित पटल लिपिक पर कार्यवाही होने से दलाल विलुप्त हो चुके थे जिस वजह से उनकी प्रसंशा आज भी जनपदवासी कर रहे हैं।




**'अब तो लिखते रहो खबर,नही पड़ने वाला कोई असर'.**

अब आलम यह है कि शाम 05:30 बजे के बाद आरटीओ कार्यालय में दलाल कुर्सी पर बैठकर कम्प्यूटर में डाटा फीड करते नजर आते है और कार्यालय में दलालों की भरमार रहती है परन्तु जिम्मेदारों द्वारा कार्यवाही करना तो दूर सीयूजी नम्बर भी रिसीव करना मुनासिब नही समझा जाता।

**'उद्योगपतियों के ओवरलोड वाहनों पर नही होती कार्यवाही'**

बताया जाता है कि रानीबाजार के निकट बने राइस मिल से निकल रहे भूसियों व खाद्यान्नों को दर्जनों वाहनों पर ओवर हाइट व ओवरलोड लादकर भीड़–भाड़ वाले रानीबाजार से प्रतिदिन शाम 06 बजे के बाद रात्रि 10 बजे तक ले जाया जाता है जिससे भविष्य में कोई भी अप्रिय घटना घटित होने की आशंका स्थानीय निवासियों सहित अन्य लोगों द्वारा जताया जा रहा है।

इतना ही नही सुभागपुर रेलवे स्टेशन पर सीमेंट की रैक आने पर बगैर कॉमर्शियल में पंजीकृत दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली द्वारा ओवरलोड सीमेंट लादकर गन्तव्य तक पहुंचाया जा रहा है जिस पर विभाग न जाने किस मोह–पास के चलते कार्यवाही नही की जा रही है जो जांच का विषय है।

**'अधिकारियों द्वारा फिटनेस करते समय रहती दलालों की भरमार'**

बताया जाता है कि अधिकारियों द्वारा वाहनों का फिटनेस करने के दौरान इस कदर दलालों का भरमार रहता है कि एक के बाद दूसरे दलाल द्वारा अपने अपने सेटिंग का वाहन बताकर फिटनेस कराया जाता है जिससे सभी खुश रहते हैं।

**'क्या कहते हैं आरटीओ राजेश मौर्य'**

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरटीओ राजेश मौर्या ने कहा मामला संज्ञान में आया है जांचोपरांत कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें...

### ग्राम पंचायत पूरे मुसद्दी में विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप




**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,** इटियाथोक, गोण्डा। ग्राम पंचायत पूरे मुसद्दी में विकास कार्यों में भारी अनियमिताएं सामने आई हैं। मनरेगा योजना के तहत कागजों में इंटरलॉकिंग कार्य होता हुआ दिखाया जा रहा है, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना कार्य किए मनरेगा मजदूरों की पोर्टल पर फर्जी तस्वीरें अपलोड की जा रही हैं।ग्रामीणों ने बताया कि मजरे में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप तीन साल से खराब है और इसकी मरम्मत नहीं की जा रही है। इसके कारण ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इसके अलावा, कूड़ा निस्तारण केंद्र भी बंद है, जिससे ग्रामीणों को कूड़ा इधर–उधर फेंकना पड़ रहा है। एडीओ पंचायत गिरिजेश पटेल ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### 'बज्मे शामे गजल' ने आयोजित की विशेष शोक गोष्ठी, मरहूमा को दी गई श्रद्धांजलि



**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,** कर्नलगंज,गोण्डा। साहित्यिक संस्था बज्मे शामे गजल की एक विशेष शोक गोष्ठी अल्लामा इकबाल ला. इब्रेरी मो0 बालूगंज में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता अब्दुल गफ्फार ठेकेदार ने की। क़ारी रईस कादरी ने तिलावते कुरआन से आगाज किया। तत्पश्चात सलीम बेदिल ने नात पेश की। संचालन करते हुए याकूब सिद्दीक़ी श्अज्मश ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। संस्था के महामन्त्री मुजीब अहमद सिद्दीक़ी की पत्नी के असामयिक निधन पर संस्था की ओर से गहरा शोक व्यक्त किया गया। नियाज अहमद क़मर व डा0 हबीबुल्लाह ने घर वालों को मरहूमा की पुण्यात्मा को सवाब पहुंचाने का आवाह्न किया। मौलाना उवैस कादरी ने कुरआन व हदीस के हवाले से मौत और जिन्दगी के फलसफे पर व्याख्यान दिया। वसीम अहमद ने मरहूमा का जिक्र करते हुए उन्हें नेक और संस्कारी महिला बताया। अल्ताफ हुसैन राईनी, साबिर अली गुड्डू, उत्तम कुमार श्शोलाश व निजामुद्दीन शम्स ने संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। असगर गोण्डवी फाउन्डेशन गोण्डा के संरक्षक नजमी कमाल खां ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मरहूमा के लिए दुआ की।क्षइमरान मसऊदी ने मां पर नज्म पेश की। संरक्षक गणेश तिवारी श्नेशश ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय संबोधन में अब्दुल गफ्फार ठेकेदार ने मरहूमा की औलादों को नेक और अच्छे काम करने की सीख दी। मरहूमा के पति मुजीब सिद्दीक़ी ने कहा कि मरहूमा के लिए पवित्र धार्मिक स्थलों पर की जा रही दुआओं और लोगों की संवेदनाओं ने मेरे गम को हल्का किया है। गोष्ठी में हाजी जहीर वारसी, ताज मुहम्मद कुर्बान, डा0 असलम हाशमी, अब्दुल कय्यूम सिद्दीक़ी, मुबीन मंसूरी, हरीश शुक्ला, सगीर अहमद सिद्दीक़ी, कौसर सलमानी, आफाक़ सिद्दीक़ी, हाफिज हिसामुद्दीन, अब्दुल खालिक इदरीसी, अब्दुल हई कुरैशी, मोहम्मद अहमद सुग्गू, अमीर अली, मास्टर इलियास अहमद, मास्टर इक़बाल (ए0आर0पी0), इखलाक वारिस, यासीन राजू अंसारी, आदिल असलम खां, मेराजुद्दीन व अरसलान सिद्दीक़ी आदि ने शामिल होकर संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर मृतका के पुत्रगण आरिफ सिद्दीक़ी (दुबई), डा0 मुज्तबा हसन सिद्दीक़ी, अहसन सिद्दीक़ी, अशरफ सिद्दीक़ी, आमिर व फारुख मौजूद रहे। मृतात्मा के लिए दुआ पर समापन हुआ।

### उपजिलाधिकारी लालगंज ने नई मतदाता सूची के पुनरिक्षण के लिए की बैठक

लालगंज (आजमगढ ) उपजिलाधिकारी लालगंज राजकुमार बैठा ने नयी मतदाता सूची 2026 के पूनरिक्षण के लिए बीएलओ के साथ की बैठक। विकास खण्ड लालगज के करिया गोपालपुर में उपजिलाधिकारी लालगंज राजकुमार बैठा ने ग्रामीणो व बीएलओ के साथ बैठक कर ग्रामीणो को बताया कि किसी भी मतदाता का नाम अगर नई मतदाता सूची में छुट गया है वह फार्म संख्या 6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकता है । जिसको अपना नाम कटवाना है या कही स्फिट कराना है वह फार्म संख्या सात भरकर नाम कटवा सकता है या स्फिट करा सकता है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार: आप ने केंद्र सरकार की चुप्पी को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

आजमगढ़ । बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में आम आदमी पार्टी ने प्रांत अध्यक्ष रा. जेश यादव की गरिमामय उप. स्थिति में एवं जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने इस मुद्दे पर भारत सरकार की चुप्पी पर गंभीर सवाल खड़े किए।प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रही हिंसा केवल किसी एक देश का आंत. रिक विषय नहीं है, बल्कि यह मानवाधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति से जुड़ा गंभीर अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर हालात के बावजूद केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई न किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने आरोप लगाया कि जब भारत में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, विदेश मंत्री और अधिकांश मुख्यमंत्री हिंदू हैं, तब पड़ोसी देश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर चुप्पी साधना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण बल्कि कायरता का परिचायक है, जिससे अत्याचारियों का मनोबल बढ़ रहा है।
आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया से मांग की है कि वे संविधान के तहत अपने विशेष अधिकारों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार को निर्देश दें कि:बांग्लादेश सरकार द्वारा हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की ठोस गारंटी मिलने तक भारतदृबांग्लादेश के कूटनी. तिक एवं व्यापारिक संबंध निलंबित किए जाएं।

## स्वयं बढे और दूसरों को बढ़ाएं : कुलगुरु

चित्रकूट। निबंध प्रतियोगिता, व्याख्यान और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों के साथ महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सीएमसीएलडीपी भवन स्थित बाल्मीकि सभागार में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने की। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवा विद्यार्थियों का आवाहन किया कि वे स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को आत्मसात कर राष्ट्र के नव निर्माण में अपना योगदान दे। कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने कहा कि स्वयं बढ़े औरों को भी बढ़ाएं। विवेकानंद के ध्येय वाक्य को बताते हुए उन्होंने कहा कि उठो जागो और तब तक न रूको, जब तक अपना लक्ष्य प्राप्त न कर लो। इस मौके पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, स्वस्ति वाचन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। संयोजक ने कार्यक्रम के उद्देश्य और पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कुलसचिव प्रो आरसी त्रिपाठी, अधिष्ठाता प्रबंधन प्रो. अमरजीत सिंह, डॉ रविकांत श्रीवास्तव, डॉ एसएस सिंह, विकास द्विवेदी सहित विवि के शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ श्याम सिंह गौर ने किया। इसी श्रृंखला में आयुर्वेद इकाई के तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों सहित शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। बौद्धिक आयोजन के क्रम में स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन संकाय स्तर पर किया गया। कृषि, कला, प्रबंधन, अभियांत्रिकी एवं विज्ञान संकाय में संपन्न इस प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर छात्र छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियो. गिता मे स्वामी विवेकानंद के कृतित्व एवं व्यक्तित्व, विवेकानंद के सपनों का भारत, विवेकानंद और स्वराष्ट्र एवं विवेकानंद का जीवन परिचय आदि को विषय के रूप में चिन्हित किया गया था।

## सांड़ के मारने से घायल व्यक्ति का इलाज के दौरान मौत

लालगंज (आजमगढ़)। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के परसौरा जगदीशपुर खुर्द और बनारपुर सलहरा आदि गांवों में सांड का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन लोगों पर हमला कर रहे सांड के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल बना ही हुआ था कि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे परसौरा जगदीशपुर खुर्द गांव में सांड ने 50 वर्षीय सीताराम चौ. हान पुत्र चिल्लर चौहान निवासी पियरी आजमगढ़, हाल मुकाम परसौरा जगदीशपुर खुर्द पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में सीताराम चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजन और ग्रामीण आनन–फानन में उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उन्हें वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर ले गए, जहां इलाज के दौरान शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे उनकी मौत हो गई।ग्रामीणों के अनुसार उक्त सांड पहले भी कई लोगों को घायल कर चुका है। इसमें परसौरा जगदीशपुर खुर्द गांव के पवन उर्फ बंटी तिवारी, प्यारेलाल चौहान, कविराज चौहान, छवि. राज चौहान तथा बनारपुर गांव के शाह आलम उर्फ छोटू शामिल हैं। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और दहशत है। लोगों का कहना है कि सांड के आतंक से निजात पाने के लिए प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सांड को पकड़वाकर गांव और क्षेत्र को इस खतरे से मुक्त कराया जाए।

## रानीपुरभट्ट में पांच दिवसीय जीवन विद्या शिविर का हुआ समापन

चित्रकूट। अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान रानीपुरभट्ट में चल रहे पांच दिवसीय जीवन विद्या शिविर का रविवार को समापन किया गया। शिविर के अंतिम दिन संबंधो और मूल्यो की चर्चा की गई। कार्यशाला में विचार रखते हुए मनजीत राणा ने 7 से 11 जनवरी तक मानवीय मूल्यों पर विशेष तौर पर प्रकाश डाला। जिसका अर्थ सिर्फ और सिर्फ मानव जीवन को मानव जीवन से जोड़ना ही है। उन्होंने कहा कि आज का मानव भ्रमित जीवन जरा है और भौतिकवादी जीवन को ही जीवन मान लिया है। जिसके कारण संस्कारों में कमी आई है और बड़ों का मान सम्मान भी घटा है। मनुष्य भौतिक वस्तुओं को ही जीवन का लक्ष्य मान लिया है। जबकि जीवन का लक्ष्य जीवन ही है। मनजीत राणा ने मनुष्य के जीवन के नौ मानवीय मूल्यो का उल्लेख करते हुए इनका आधार विश्वास को बताया है। उन्होंने मानवीय मूल्य प्रेम को वात्सल्य, करुणा, दया को ही प्रेम का आधार माना है।
कार्यशाला में पांच दिनों तक चली चर्चा में निकल कर आया कि मनुष्य भौतिकवादी संसाधनों के बीच फंसकर भ्रमित जीवन जी रहा है और भौतिक वस्तुओं को ही स्टेटस मानकर जी रहा है। जबकि इससे बड़ी वस्तु मानवीय मूल्य, भाव, संबंध और प्रेम है। जब इन चीजों को जीवन का आधार बना लिया जाएगा तो जीवन का मूल्य भी समझ में आएगा। समापन सत्र में गोपाल भाई ने शिविर में शामिल होने वाले सभी लोगों का अपने भावों के साथ आभार प्रकट किया और ऐसे सत्र होते रहे इसके लिए शिक्षक वर्ग से अपील की है। कार्यशाला में लल्लूराम शुक्ल, अवधेश पांडेय, सचिन उपाध्याय, देशराज, रीना, धीरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह,दिनेश दीक्षित, विश्वनाथ सिंह राघव,धीरू प्रशांत शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत मे शिक्षक वर्ग ने शिविर में विचार लेकर आये दिल्ली के शिक्षक मंजीत राणा से आगामी सत्र को लेकर चर्चा की और जून माह में एक ऐसा ही शिविर आयोजित करने पर सहमति बनी है।

### डीएम ने बूथों का किया निरीक्षण, बीएलओ ने पढ़ा मतदाता सूची

चित्रकूट। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम पुलकित गर्ग ने रविवार को ईआरओ 236 विधानसभा कर्वी के साथ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्थित भाग संख्या 443, 444, 445, 446, 447 एवं 448 तथा चित्रकूट इंटर कॉलेज में स्थित भाग संख्या 418, 419, 421 एवं 422 का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएलओ द्वारा स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची का वाचन किया। इस मौके पर मतदाताओं द्वारा भरे जा रहे फॉर्म–6 एवं फॉर्म–8 की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। सभी संबंधित मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहे।

## किशोर की संदिग्धावस्था में मौत, पानी की टंकी के नीचे मिला शव, हत्या की आशंका



गोण्डा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के नकहरा गांव में रविवार को एक किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। किशोर का शव गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर एक पानी की टंकी के नीचे पड़ा मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान शिवा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नवाबगंज थाना क्षेत्र के गोप सराय गांव का रहने वाला है। बताया गया कि शिवा शनिवार की रात से ही घर से लापता था। परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश कर रहे थे, इसी दौरान नकहरा गांव स्थित पानी की टंकी के नीचे उसका शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस जांच में सामने आया है कि पानी की टंकी के ऊपर शिवा का जैकेट और मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि शिवा को टंकी के ऊपर ले जाकर नीचे फेंका गया हो। घटना को लेकर हत्या समेत अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। सूचना पर नवाबगंज पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। बताया गया कि मृतक शिवा के माता–पिता दिल्ली में रहते हैं, जबकि शिवा गांव में ही रह रहा था। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों को अवगत करा दिया गया है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है। गांव में घटना को लेकर दहशत और तरह–तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनपदीय एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा महिलाओं बालिकाओं को किया गया जागरूक कर भरवाये गए फीडबैक फार्म

**सर्वोदय टाइम्स, सं.सू.,**गोण्डा।उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिला एवं बा. लिका सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के राजपत्रित अधिकारियों एवं एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा आज विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस दौरान गांवों, कस्बों एवं सार्वज. निक स्थलों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया गया।
कार्यक्रम के दौरान टीमों द्वारा महिलाओं बा. लिकाओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत एवं सामा. जिक समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके आवागमन के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर चर्चा




की गई। इस अवसर पर महिलाओंध्बालि. काओं से फीडबैक फॉर्म भरवाए गए, जिनके माध्यम से संवेदनशील एवं हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया।
साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए मनचलों को एण्टी रोमियो स्क्वायड टीम द्वारा रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई, जिससे भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो।
टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को भरोसा दिलाया गया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए तत्पर है। इसके साथ ही शासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त करने हेतु किया जा सकता है।

### मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री जन–आरोग्य मेला का निरीक्षण

आजमगढ़ । जनपद में मार्टीनगंज व ठेकमा ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।गोड़हरा पीएचसी को जनपद का सर्वोत्तम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कहा, मुख्यमंत्री जन–आरोग्य मेला की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा द्वारा विकास खंड मार्टीनगंज एवं ठेकमा के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया । ठेकमा ब्लॉक अंतर्गत गोड़हरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित जन–आरोग्य मेला एवं केंद्र की व्यवस्थाएं उत्कृष्ट पाई गईं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने गोड़हरा पीएचसी को जनपद का सर्वोत्तम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बताते हुए उसकी स्वच्छता, सुव्यवस्थित संचालन एवं सेवा गुणवत्ता की प्रशंसा की तथा सभी अधीक्षकों को अपने–अपने केंद्रों को इसी तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए।

# फाइनल में आजमगढ़ ने खताब किया अपने नाम

**सुल्तानपुर(आरएनएस )।** जिले के शहर क्षेत्र स्थित नारायणपुर में स्वर्गीय बाबू अवध नारायण सिंह की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता खेल, श्रद्धा और अनुशासन का जीवंत उदाहरण बनी। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व युवा नेता एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने किया, जिनकी कुशल आयोजन क्षमता और समर्पण की सर्वत्र सराहना हुई।

चंदन नारायण सिंह की अग.आई में आयोजित इस प्रतियो.गिता में बक्सर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, गाजीपुर, आजमगढ़, बाराबंकी और सुल्तानपुर की टीमों ने प्रतिभाग कर खेल प्रेमियों को रा.मांचित किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला गाजीपुर और अयोध्या के बीच खेला गया। शनिवार देर रात तक चले इस राज्य स्तरीय आयोजन का फाइनल मुकाबला आजमगढ़ और डीवीए के बीच खेला गया, जिसमें आजमगढ़ की टीम ने तीन सेट के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2–0 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता में बेस्ट अटैकर दृ धनंजय, बेस्ट सेटर दृ करण सिंह और बेस्ट ऑलराउंडर दृ जमाली घोषित किए गए।

आयोजन के दौरान चंदन नारायण सिंह ने अपने बाबा स्वर्गीय बाबू अवध नारायण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वे अपने समय के श्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिने जाते थे और मेजर ध्यानचंद के समकालीन रहे। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश में उच्च प्रशासनिक पदों पर रहते हुए समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए आजीवन कार्य किया। इसी



प्रेरणा से इस खेल आयोजन को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. सुधाकर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. आर.ए. वर्मा, डॉ. डी.पी. सिंह सहित अनेक गणमान्य जन उप.स्थित रहे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**सुल्तानपुर(आरएनएस )।** दूब.पुर विकास खंड के बीबीगंज (गोविंदापुर) स्थित हनुमान मंदिर परिसर में कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद, असहाय एवं गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधान उपेन्द्र तिवारी (मुन्ना तिवारी) के नेतृत्व में सफलताप.ूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ओमप्रकाश पाण्डेय (बज.रंगी) तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम बहादुर पाण्डेय उपस्थित रहे। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के हर धर्म और समुदाय के वास्तविक जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर कंबल वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और यह कार्य जाति–धर्म के भ.ेदभाव से ऊपर उठकर किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजस.ेवी राजकुमार तिवारी 'राजा भैया' (तिवारीपुर हसनपुर), पूर्व प्रधान उपेन्द्र तिवारी, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद शुक्ला, भाजपा नेता संजय तिवारी, पत्रकार राजेश तिवारी (सुल्तानपुर) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में पत्रकार संस्कार त्रिपाठी, रवी शंकर तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अमरदीप तिवारी, विभोर तिवारी, महेश चंद्र तिवारी (एडवोकेट), सुमित तिवारी, हर्षित तिवारी (मोनू), रजत तिवारी, आयुष तिवारी (कल्लू), अतुल तिवारी, शुभम तिवारी, एवं राजीव तिवारी आदि क्षेत्रीय लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के सामा.जिक कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मनरेगा समाप्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह

**सुल्तानपुर(आरएनएस )।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को समाप्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने सुल्तानपुर के राजीव गांधी तिकोनिया पार्क में सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से बैठकर केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। सत्याग्रह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवन रेखा है। इसे समाप्त करना सीधे तौर पर गरीबों के रोजगार और आजीविका पर हमला है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार जन.विरोधी नीतियों के जरिए कम.जोर वर्गों को हाशिए पर धकेल रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और मनरेगा योजना को तत्काल बहाल रखने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। सत्याग्रह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### मुस्कान डांस अकादमी में 10 दिवसीय विंटर कैंप का समापन

**सुल्तानपुर(आरएनएस )।** जीएन रोड स्थित मुस्कान डांस अकादमी में आयोजित 10 दिवसीय विंटर कैंप का समापन उत्साहपूर्वक किया गया। कैंप में 3 से 15 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लेकर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में प्रतिभा दिखाई।

अंतिम दिन बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी (वरिष्ठ महिला निरीक्षक) एवं एडवोकेट अतुल शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन मुस्कान यादव एवं साक्षी जायसवाल के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजली यादव, चेतन जायसवाल, खुशी यादव, शुभी सिंह एवं नैना गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

## गोमती मित्रों ने किया तीन घंटे श्रमदान, खिली धूप ने किया काम आसान

**सुल्तानपुर(आरएनएस )।** लगभग 15 दिन बाद साफ मौसम और खिली धूप ने गोमती मित्र मंडल के साप्ताहिक श्रमदान के दिन गोमती मित्रों का काम न केवल आसान किया बल्कि श्रमदान की समय सीमा भी बढ़ गई,प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान 9:00 बजे तक अनवरत चलता रहा व पूरे तट,परिसर,श्राद्ध स्थल व सीता उपवन की सफाई के साथ संपन्न हुआ,प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने गोमती मित्रों को संबोधित करते हुए कहा की आने वाले दिनों में कई मुख्य स्नान पर्व हैं और गोमती मित्रों को आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना होगा,मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी ने अलग–अलग स्नान पर्व के लिए एक–एक गोमती मित्रों की जिम्मेदारी तय की व हर पल हर क्षण सतर्क रहने को कहा। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,प्रबंधक राजेंद्र शर्मा,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,सेनजीत कसौधन दाऊ,मुन्ना सोनी,मुन्ना पाठक,संत कुमार प्रधान,राकेश सिंह दद्दू,अजय प्रताप सिंह,राकेश मिश्रा,युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, रामु सोनी, आलोक तिवारी,ओम प्रकाश पांडे,अरुण गुप्ता,अभय मिश्रा,श्याम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# आईबी की तत्परता से टली बड़ी घटना, जिला प्रशासन सतर्क

**सुलतानपुर(आरएनएस )।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंकने की कोशिश उस समय नाकाम हो गई, जब खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो ने तत्प.रता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर पुतले को अपने कब्जे में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी के कुछ कार्यकर्ता बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा और उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। प्रदर्शन के दौरान अचानक कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला निकालकर फूंकने का प्रयास किया। जैसे ही पुतला फूंकने की तैयारी शुरू हुई, पहले से सतर्क आईबी की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुतले को छीन लिया और प्रदर्शनकारियों की मंशा पर पानी फेर दिया। इस पूरी घटना के दौरान कुछ देर के लिए जिला अधिकारी कार्यालय के बाहर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। हालांकि आईबी और स्थानीय प्रशासन की सक्रियता के चलते कोई अप्रिय घटना नहीं हो सकी। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने भी स्थिति को नियंत्रित किया और कार्यकर्ताओं को शांत कराया। सूत्रों की मानें तो खुफिया एजेंसियों को पहले ही इस तरह के प्रदर्शन की सूचना मिल गई थी, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया था। इसी सतर्कता का नतीजा रहा कि प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के पुतले को फूंके जाने से पहले ही कार्रवाई कर ली गई।

घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में भी हलचल देखी गई और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। वहीं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सरकार पर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर दबाव न बनाने का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराया।

फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

### माता पिता एवं पूर्वजों के याद में जरूरत मंदो की मदद करना पूनीत कायः– दुर्गेश राय

**कुशीनगर, (आरएनएस)।** जनपद के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बसडीला पाण्डेय गांव निवासी शिक्षक स्व0 रामनरेश पाण्डेय के 12 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में कंबल वितरण, सहभोज का आयोजन किया गया।

रविवार को ग्राम पंचायत बसडीला पाण्डेय में विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी भार्गव भवन परिसर में प्रधान प्रतिनिधि सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने अपने पिताश्री व आदर्श शिक्षक स्व0 रामनरेश पाण्डेय के 12 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा मे मशहूर कवि बादशाह प्रेमी के कविताओं ने समाँ बाध दिया तथा ग्राम प्रधान श्रीमती माधुरी पाण्डेय ने जरूरतमंद लोगों को ठंडक से बचने के लिए कम्बल वितरण किया। श्रद्धांजलि सभा को मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुहम्मद इलियास अंसारी ने सम्बोधित करते हुए माता–पिता, पूर्वजों के याद में जरूरत मंदो की सेवा नेक एवं पुनीत कार्य बताया। कार्यक्रम में समाजसेवी चन्द्रशेखर यादव लड्डू, राज्यपाल द्वारा सम्मानित शिक्षक, पत्रकार सुनील कुमार तिवारी, प्रधान नागेन्द्र सिंह, अजय नाथ तिवारी, फुल कुंवर यादव, भाजपा महिला नेत्री विंध्यवासिनी मिश्रा, रानी शुक्ला आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभा का संचालन भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा व सभी अतिथियों का स्वागत आभार आ.ेमप्रकाश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर डा0 एस के यादव, डॉ निशांत मिश्रा, प्रधान खुर्शीद आलम, वीरेन्द्र सिंह, रामेश्वर यादव, अभिषेक लड्डू यादव, विनोद सिंह, एडवोकेट विवेक पाण्डेय, सपा महासचिव ग्यासुद्दीन, राजेश्वर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति एवं मौनी अमावस्या पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**प्रयागराज।** माघ मेलादृ2026 के आगामी स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संगम नोज से लेकर मेला क्षेत्र के सभी प्रवेश द्वारों पर मेला पुलिस, पीएसी एवं आरएएफ के जवानों की सघन तैनाती की गई है। प्रवेश द्वारों पर संदिग्ध व्यक्तियों की गहन तलाशी एवं सत्यापन के उपरांत ही मेला क्षेत्र में प्रवेश दिया जा रहा है।

मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आठ–स्तरीय सुरक्षा घेरा स्थापित किया गया है। बाहरी सुरक्षा घेरों में पुलिस बल द्वारा मोर्चा संभाला गया है, जबकि आंतरिक घेरों में पीएसी, आरएएफ एवं एटीएस के जवान मुस्तैदी से तैनात हैं। संगम नोज पर घुड़सवार पुलिस की भी तैनाती की गई है। सभी पांटून पुलों के दोनों सिरों पर पीएसी बल मौजूद है, जिससे आवागमन पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

बम निरोधक दस्ता मेला क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर लगातार सघन जांच एवं तलाशी अभियान चला रहा है। संगम नोज सहित प्रमुख स्थलों पर पुलिस, पीएसी तथा एटीएस के कमांडो संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार की जा रही है।

संगम सहित सभी स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए एनडीआरएफ, बाढ़ राहत दल एवं जल पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। जवानों द्वारा लगातार अना.उंसमेंट कर श्रद्धालुओं को गहरे पानी की ओर जाने से रोका जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज एवं पुलिस अधीक्षक माघ मेला सहित वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन मेला क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे

## 83 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**कुशीनगर, (आरएनएस)।** जनपद के पडरौना कोतवाली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश कर 01 अदद ट्रक वाहन में छिपाकर तस्करी कर बिहार हेतु ले जाए जा रहे कुल 83 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा निर्मित रायल स्टेग ब्राण्ड, वाहन सहित कुल कीमत लगभग 23 लाख रुपये के साथ 02 शराब तस्करो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जिले में अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण, परिवहन के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 11 जनवरी दिन रविवार को पडरौना कोतवाली पुलिस टीम ने 01 वाहन ट्रक संख्या बीआरओ 1 जी क्यू 5551 से कुल 83 पेटी हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब रायल स्टेट ब्रांड के साथ 2 अभियुक्त मिट्ठू कुमार पुत्र रा.जेश्वर साहनी ग्राम फंदा विशुनपर थाना कर्जा जिला मुजफ्फरपुर बिहार, सुधीर कुमार पुत्र विनोद यादव साकिन भमपुरा थाना जाले जनपद दरभंगा बिहार को गिरफ्तार किया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस टीम ने स्थानीय थाना पर मु0अ0सं0 21ध्2026 धारा 60ध्63ध्72 आबक.ारी अधिनियम व 111(2) (बी) बीएनएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पु.लिसिया पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगो का एक संगठित गिरोह है।

हम लोग हरियाणा राज्य से उक्त शराब को सस्ते दामों पर शराब को खरीदकर व ट्रक में छिपाकर तस्करी करते है व उक्त शराब को आर्थिक भौतिक लाभ प्राप्त करने के लिये बिहार राज्य में ऊंचे दामों पर बेंच देते है।

बरामदगी, गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, उ0नि0 प्रदीप कुमार चौकी प्रभारी बांसी, हे0का0 विजय किशोर सिंह, का0 राजेश यादव, का0 चन्दन यादव, का0 गोविन्द यादव, का0 अमर.ेन्द्र नाथ सिंह शामिल रहे।

## चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, 3 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**कुशीनगर (आरएनएस)।** जनपद के सेवरही पुलिस ने चोरी की घटना का अनावरण कर चोरी का नकद कुल 41,430ध– भारतीय रुपये, नकद 730ध– नेपाली रुपये, चोरी में प्रयुक्त किया गया एक लोहे का राड, तीन अदद स्मार्ट मोबाइल फोन व 02 अदद मोटरसाइकिल के साथ 03 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 11जनवरी दिन रविवार को सेवरही पुलिस ने मु0अ0सं0 005ध2026 धारा 331(4),305,317(2) बीएनएस से संबन्धित 03 वांछित अभियुक्तों को चोरी का नकदी कुल 41,430ध– भारतीय रुपये, नकद 730ध– नेपाली रुपये, चोरी में प्रयुक्त किया गया एक लोहे का राड, तीन अदद स्मार्ट मोबाइल फोन व 02 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में राकिब पुत्र नसीम निवासी वार्ड न0 05 सफा कालोनी थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0, नदीम पुत्र हारून निवासी वार्ड न0 05 सफा कालोनी थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0, मौसम पुत्र गयुर निवासी वार्ड न0 05 सफा कालोनी थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0 शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तो को पुलिस ने जेल भेज दिया है। बरामदगी एवं गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार गुप्ता, व0उ0नि0 राजेन्द्र सिंह यादव, उ0नि0 अनिल कुमार शर्मा चौकी प्रभारी कस्बा थाना सेवरही, उ0नि0 मिथलेश प्रजापति, का0 किशन सिंह, का0 राहुल आजाद, का0 रमाकान्त, का0 अजीत यादव, का0 सुशील कुमार शामिल रहे।

## चेन पुलिंग कर इन्फ्लुएंसर से लूट करने वाले हाई–टेक गैंग का पर्दाफाश

**प्रयागराज।** चलती ट्रेन से चोरों को कूदते और चंद सेकंड में फरार होने वाले गैंग गैंग के पांच सदस्यों को सरगना के साथ दबोच लिया गया और हाईटेक गैंग का शनिवार को पर्दाफाश हुआ।

इस गिरोह ने छह जनवरी को इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर पायल गुप्ता को अपना निशाना बनाया। चोरों ने पायल का मोबाइल और बैग छीना और ट्रेन से कूद गए। पायल ने अपनी आपबीती का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर साझा किया। वीडियो वायरल होते ही यह मामला पुलिस के लिए श्साख का सवालश बन गया। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अकलेश कुमार सिंह और आरपीएफ प्रभारी इंस.पेक्टर अमित मीना ने संयुक्त मोर्चा संभाला और अपराधियों को पकड़ने के लिए चार विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस ने जब इलेक्ट्रानिक सर्विलांस का सहारा लिया, तो सुराग की पहली कड़ी कानपुर में मिली। यहां से एक चोर के हत्थे चढ़ते ही परतें खुलनी शुरू हुईं। पुलिस की टीमें सिराथू, मऊआइमा और शंकरगढ़ में छापेमारी करती रहीं। अपराधी लोकेशन बदलते रहे, लेकिन सख्ती से हुई पूछताछ ने पुलिस को गैंग के सरगना तक पहुंचा दिया। कड़े गए आरोपियों में गैंग का मास्टरमाइंड रामसिया पटेल उर्फ लुलुआ है, जिस पर 2018 से सात मुकदमे दर्ज हैं।

### रामदत्त त्रिपाठी समेत चार को मिलेगा कुलदीप नैयर अवार्ड



**प्रयागराज।** मशहूर शायरा शबीना अदीब को इस वर्ष गुफ्तगू का अकबर इलाहाबादी अवार्ड दिया जाएगा। इसके साथ ही बीबीसी के प्रसिद्ध पत्रकार रामदत्त त्रिपाठी समेत चार पत्रकारों को कुलदीप नैयर अवार्ड देने की घोषणा की गई है। रविवार को नगर के छोटा बघाड़ा में हुई गुफ्तगू कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. इम्तियाज अहमद गाजी ने यह जानकारी दी। वार्षिक अवार्ड की घोषणा में बताया गया कि वरिष्ठ पत्रकार रामदत्त त्रिपाठी, एबीपी न्यूज के रविकांत, आजतक के पंकज श्रीवास्तव और वरिष्ठ पत्रकार अक्षय चौहान 'अक्स' को इस वर्ष का कुलदीप नैयर अवार्ड देने के लिए चयन किया गया। कैलाश गौतम अवार्ड विश्वास दुबे (नीद.रलैंड), जितेंद्र कुमार गंगवार (लखनऊ), डॉ. प्रदीप मिश्र (सतना) और कुंवर नाजुक (चन्दौली) को दिया जाएगा। इसी प्रकार सुभद्रा कुमारी चौहान अवार्ड सय्यदा तबस्सुम मंजूर (मुंबई), डॉ. आरती कुमारी (मुजफ्फरपुर, बिहार), डॉ. कुंकुम गुप्ता (भोपाल) और अर्पणा आर्या (प्रयागराज) को, सीमा अपराजिता अवार्ड मधूलिका श्रीवास्तव (भोपाल), नाज पुरवाई (अमरावती), प्रियंका माथुर (नई दिल्ली) और शालू सुधीर अवस्थी (भोपाल) को, पुष्पिता अवस्थी अवार्ड सावंत राम बैरवा (अजमेर), निरुपमा खरे (भोपाल), कमलचंद्रा (भोपाल) और पूजा गुप्ता (मिर्जापुर) को, धीरज अवार्ड जकिया शेख़ मोहम्मद अमीन (मुंबई), शकुंतला मित्तल (गुरुग्राम, हरियाणा), सत्यम भारती (बेगुसराय) और सुधा श्रीवास्तव (प्रयागराज) को, डॉ. सुधाकर पांडेय अवार्ड जर्नादन ज्वाला (मरणोपरांत, गाजीपुर), मोहन राक.ेश (दिलदारनगर), डॉ. अब्दुल मन्नान (नई दिल्ली) और डॉ. वसीम रजा अंसारी (कुशी, गा.जीपुर) को, उमेश नारायण शर्मा अवार्ड वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार यादव, अधिवक्ता राहुल चौधरी, अधिवक्ता इमरान उल्लाह और अधिवक्ता अनिल कुमार वाजपेयी को, मिल्खा सिंह अवार्ड अभिन्न श्याम गुप्ता (बैडमिन्टन) और बिप्लव बोस (फुटबाल) को, गुफ्तगू अवार्ड डॉ. लक्ष्मी नारायण बुनकर (गुना), जगदीश कुमार ध्रुर्वे (इटारसी), डॉ. शैलेष गुप्त वीर (फतेहपुर) और रचना सक्सेना (प्रयागराज) को दिया जाएगा। इसी के साथ दो नए अवार्ड की शुरूआत की गई है।

इनमें अदब नवाज अवार्ड न्यायमूर्ति अशोक कुमार और आसिफ उस्मानी को तथा डॉ. प्रीतम दास अवार्ड डॉ. संदीप कुमार (लखनऊ) और डॉ. प्रकाश खेतान (प्रयागराज) को देने की घोषणा की गई है। बैठक में नरेश कुमार महरानी, प्रभाशंकर शर्मा, अनिल मानव, हकीम रेशादुल इस्लाम, शिवाजी यादव, मधुबाला गौतम, डॉ. वीरेंद्र कुमार तिवारी, डॉ. सोमनाथ शुक्ल, दयाशंकर प्रसाद और राज जौनपुरी आदि मौजूद रहे।

## देश में रामराज नहीं गोडसे राज है : प्रमोद तिवारी

**प्रयागराज।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली अंग्रेजों की बांटो और राज करो जैसी है। इसे महंगाई अथवा बेरोजगारी जैसे बुनियादी मुद्दों से मतलब नहीं। देश में आज रामराज नहीं गोडसे राज है।

उन्होंने माघ मेला स्थित प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के विशेष समर्थ प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते कहा कि भारत के ग्रामीणों की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को केंद्र सरकार ने बंद कर एक बार फिर गांधी की हत्या की है। मनरेगा बंद होने से गांव का विकास खत्म हो जाएगा जिसकी बहाली के लिए कांग्रेस, सरकार को किसान बिल वापसी की तरह विवश करेंगी। कहा कि धोखे का दूसरा नाम भाजपा है ,पीएम मोदी उसका पर्याय हैं जो जनता की भलाई और देश हित की बात न कर उद्योगपतियों का स्वार्थ पूरा करने में तात्पर्य है। सेवादल की प्रशंसा करते हुए तिवारी ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के अत्याचार के विरुद्ध इसका गठन हुआ जिसने कांग्रेस को मजबूती दी। निष्ठा, समर्पण, विचारधारा का ज्ञान और अनुशासन सेवा दल की सबसे बड़ी खूबियां हैं । तिवारी ने कहा कि देश अत्यंत क.ठनाइयों के दौर से गुजर रहा है जो गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने शिविर में वंदे मातरम गीत की ध्वनि के बीच ध्वजारोहण किया। प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष डॉ प्रमोद पांडे ने संचालन करते हुए सेवादल के इतिहास पर व्यापक प्रकाश डाला।

## माता–पिता के महात्मय का वर्णन सम्भव नहीं : प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी

**प्रयागराज।** सुनु जननी सोइ सुतु बड़भागी। जो पितु मातु बचन अनुरागी। तनय मातु पितु तोष निहारा। दुर्लभ जननि सकल संसारा। इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रयागराज की ओर से रविवार को माघमेला के लाल सड़क, दक्षिणी पटरी, परेड मैदान स्थित सेवा, संस्कार माघमेला शिविर में पारिवारिक मूल्यों के संवर्धन के निमित्त वृहद मातृ पितृ वंदन एवं आचार्य वंदन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर तमाम बच्चों ने माता पिता और बहुओं ने अपनी सास का तिलक और पुष्पार्चन कर पूजन किया। बच्चे अपने माता पिता के श्रीचरणों का प्रच्छालन कर उनकी वंदना की। कार्यक्रम में सौ से अधिक बालक बालिकाओं ने अपने श्रेष्ठ जनों का वंदन कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्य अतिथि संस्थान के अध्यक्ष एवं बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बालकों को माता पिता एवं गुरु की महिमा का सरस वर्णन किया। कार्यक्रम में मूर्धन्य कथा प्रवक्ता गणेश द्विवेदी ने रामचरित मानस के विविध प्रसंग से आध्यात्म का आरोपण किया। वरिष्ठ प्रचारक और क्षेत्रीय संयोजक अमरनाथ ने कहा कि वह पुत्र अत्यधिक सौभाग्यशाली होता है, जिसके माता पिता उससे प्रसन्न होते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रचारक संयोजक अम.रनाथ, गंगा दत्त जोशी, नागेंद्र जायसवाल, संजय शुक्ला,



हीरालाल भोला तिवारी, पार्षद आशीष कुमार द्विवेदी, अरुण दुबे, अनीता तिवारी, नन्हें लाल चौधरी, राजेश मिश्रा, यश विक्रम त्रिपाठी, अशर्फी सिंह, राम धीरज त्रिपाठी, पार्षद दीपिका पटेल, पूर्व पार्षद अलका श्रीवास्तव, मृदुल बाजपेयी, भाव्यांश अग.्वाल, सौरभ दुबे, मनीष द्विवेदी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन वंदना तिवारी ने किया।

# डब्ल्यूपीएल 2026: गुजरात जाएंट्स ने यूपी वॉरियर्स को हराकर अपने अभियान का किया आगाज



**मुंबई,** महिला प्रीमियर लीग का चौथा सीजन 9 जनवरी से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम शुरू हो गया है. आज लीग का दूसरा मैच यूपी वारियर्स और गुजरात जायंट्स के बीच नवी मुंबई में खेला गया, जिसको की गुजरात ने 10 रनों से जीत लिया. 207 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 197 रन ही बना सकी.

विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका पहला ही विकेट 3 रन के स्कोर पर गिर गया. लेकिन उसके बाद दूसरे विकेट के लिए कप्तान मेग लैनिंग और फोबी लिचफिल्ड के बीच दूसरे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी हुई. कप्तान ने 27 गेंदों पर 30 रन बनाए जबकि लिचफिल्ड ने 40 गेंदों पर 78 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 8 चौके और पांच छक्के शामिल थे. लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं. इसके अलावा सहरावत ने 25 और आशा सोभना ने आखिर में 10 गेंद पर 27 रनो की पारी खेलकर हार की अंतर को और कम किया. वहीं गुजरात की तरफ से रेनुका सिंह, सोफी डिवाइन और जॉर्जिया वेयरहैम ने 2–2 विकेट लिए जबकि गार्डनर और गायकवाड को एक–एक विकेट मिला.

इससे पहले यूपी की नई कप्तान मेग लैंनिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. जिसके बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात जायंट्स की टीम ने पूरे 20 ओवर के बाद 4 विकेट खोकर 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया, और यूपी को जीत के लिए 208 रनों का लक्ष्य दिया. गुजरात की शुरुआत शानदार रही और उनकी पहली विकेट की साझेदारी में 41 रन जोड़े. बेथ मूनी ने 13 तो सोफी डिवाइन 20 गेंदों में 38 रनों की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल थे. उसके बाद अनुष्का शर्मा और कप्तान अशले गार्डेनर के बीच तीसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी हुई. अनुष्का ने 30 गेंद पर 44 रन बनाई, जिसमें 7 चौके शामिल थे जबकि गार्डनर ने 41 गेंद में 6 चौके और 3 छक्के की मदद से 65 रन बनाई. आखिर में जॉर्जिया वेयरहैम (10 गेंद में 27) और भारती फूलमाली (7 गेंद में 14 रन) ने ताबड़तोड़ रन बनाए. यूपी की तरफ से सोफी एक्लेस्टोन सबसे सफल गेंदबाज रहीं, उन्होंने 4 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि शिखा पांडे और डिआंड्रा डॉटिन को एक–एक विकेट मिला. इस मैच से पहले यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स ने छह बार एक–दूसरे का सामना कर चुके हैं, जिसमें दोनों टीमों ने तीन–तीन मैच जीते हैं.

टूर्नामेंट के पहले मैच में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने डिफेंडिंग चौंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल की थी. मुंबई इंडियंस को 24 घंटे से भी कम समय में अपना अगला मैच शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ डब्ल्यूपीएल 2026 के पहले डबल–हेडर के दूसरे गेम में खेलना है.गुजरात जायंट्सः सोफी डिवाइन, बेथ मूनी (विकेटकीपर), एशले गार्डनर (कप्तान), जॉर्जिया वेयरहैम, अनुष्का शर्मा, कनिका आहूजा, भारती फुलमाली, काशवी गौतम, तनुजा कंवर, राजेश्वरी गायकवाड़, रेणुका सिंह ठाकुर.

यूपी वारियसः मेग लैनिंग (कप्तान), डिआंड्रा डॉटिन, फोबे लिचफील्ड, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत (विकेटकीपर), आशा शोभना, सोफी एक्ले. स्टोन, शिखा पांडे, क्रांति गौड़.

## डब्ल्यूपीएल 2026: हरमनप्रीत कौर और नेट साइवर-ब्रंट ने डीसी के खिलाफ जड़े अर्धशतक, जानिए उनके आंकडें



नवी मुंबई,11 जनवरी। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के तीसरे मुकाबले में मुंबई इंडियंस (एमआई) की स्टार बल्लेबाज नेट साइवर–ब्रंट और हरमनप्रीत कौर ने दिल्ली कै. पिटल्स के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। साइवर–ब्रंट के डब्ल्यूपीएल करियर का यह 9वां अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने सिर्फ 32 गेंदों में पूरा किया। हरमनप्रीत के भी डब्ल्यूपीएल करियर का यह 9वां अर्धशतक है, जिसे उन्होंने 33 गेंदों में अपने नाम किया। दोनों की पारियों के दम पर एमआई ने 195ध्4 का शानदार स्कोर बनाया।

साइवर–ब्रंट ने 46 गेंदों का सामना किया और 70 रन बनाए। उनके बल्ले से 13 चौके निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 152.17 की रही। हरमनप्रीत ने 42 गेंदों का सामना कर 74 रन बनाए। उनके बल्ले से 8 चौके और 3 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 176.19 की रही। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच 47 गेंदों में 66 रन की साझेदारी हुई। हरमनप्रीत ने निकोला केरी के साथ 25 गेंदों में 53 रन की साझेदारी निभाई।

साइवर–ब्रंट ने डब्ल्यूपीएल में 31 मुकाबले खेले हैं। इसकी 31 पारियों में 45.87 की औसत के साथ उन्होंने 1,101 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 9 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 80 रन रहा है। वह डब्ल्यूपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। उनके अलावा और कोई भी बल्लेबाज इस टूर्नामेंट में 1,000 रन नहीं बना पाया है। साइवर–ब्रंट एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाने वाली एकमात्र बल्लेबाजी भी हैं।

एमआई की कप्तान ने अब तक 29 मुकाबले खेले हैं और इसकी 28 पारियों में 6 बार नाबाद रहते हुए 945 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से भी 9 अर्धशतक निकले हैं। वह कप्तान के रूप में अब संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाली खिलाड़ी बन गईं हैं। उन्होंने मेग लैनिंग की बराबरी की है। इस खिलाड़ी ने 144.93 की स्ट्राइक रेट से टूर्नामेंट में बल्लेबाजी की है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 95 रन रहा है।

## फोनपे ने लॉन्च किया पीजी बोल्ट फीचर, भुगतान को बनाता है आसान

नईदिल्ली। फोनपे पेमेंट गेटवे ने शनिवार को वीजा और मा. स्टरकार्ड क्रेडिट और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए फोनपे पीजी बोल्ट लॉन्च किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह समाधान प्लेटफॉर्म के यूजर्स और मर्चेंट भागीदारों के लिए सुरक्षित और कुशल इन–ऐप चे. कआउट अनुभव प्रदान करने के लिए डिवाइस टोकनाइजेशन का उपयोग करता है। यूजर अपने कार्ड की जानकारी ऐप में सुरक्षित रूप से सेव कर सकते हैं। आपको अपना कार्ड केवल एक बार सेव करना होगा।

फोनपे के मर्चेंट बिजनेस के मुख्य मुख्य व्यवसाय अधिकारी युवराज सिंह शेखावत ने कहा कि फीचर का लॉन्च लाखों भारतीयों के लिए डिजिटल भुगतान को सरल बनाने की दिशा में कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, डिवाइस टोकनाइजेशन का लाभ उठाकर हम यूजर्स और मर्चेंट्स को पारंपरिक, बोझिल चेकआउट प्रक्रिया से हटकर एक सुरक्षित सिंगल–क्लिक भुगतान अनुभव प्रदान करेंगे। इसका उपयोग करने वाले मर्चेंट्स के लिए अब आपको जानकारी दोबारा दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। इस नए फीचर से यूजर्स फोनपे ऐप पर मास्टरकार्ड और वीजा कार्ड को एक बार टोकनाइज कर सकते हैं।

इससे वे फोनपे पीजी से जुड़े किसी भी मर्चेंट पर अपने सेव किए कार्ड का इस्तेमाल कर सकेंगे और उन्हें हर मर्चेंट के पास अलग से कार्ड टोकनाइज नहीं करना पड़े। संवेदनशील कार्ड डिटेल्स को सुरक्षित टोकन से बदलकर सिस्टम उसी डिवाइस पर किए जाने वाले बाद के ट्रांजैक्शन के दौरान सीवीवी दर्ज करने की आवश्यकता को खत्म कर देता है।

## भारतीय टीम को लगा बड़ा झटका, ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से हुए बाहर




नईदिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के रविवार से शुरू होने वाली वनडे सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण पूरी वनडे सीरीज से बाहर हो गए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसकी पुष्टि करते हुए उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया है। बता दें कि पंत शनिवार को अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। आइए पूरी खबर पर नजर डालते हैं।

बीसीसीआई ने कहा, शनिवार दोपहर बीसीए स्टेडियम में अभ्यास के दौरान पंत को दाहिनी तरफ पेट के हिस्से (लैटरल एब्डॉमिनल एरिया) में अचानक दर्द उठा था। उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया। जांच में पता चला कि उन्हें साइड स्ट्रेन हुआ है। ऐसे में उन्हें पूरी वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया। पुरुष चयन समिति ने ध्रुव जुरेल को पंत के स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में चुना है और वह टीम से जुड़ गए हैं।

यह तीन मैचों की वनडे सीरीज बड़ोदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम से शुरू होगी, जो पहली बार पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी कर रहा है। न्यूजीलैंड एक नए संयोजन वाली टीम के साथ भारत आई है, इसलिए मुकाबला रोचक रहने की उम्मीद है। दूसरा मैच 14 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी तरह तीसरा मैच 17 जनवरी को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा।

## छठी क्लास के बच्चे का कमाल, चेस में 6 घंटे में 50 खिलाड़ियों को हराकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

हैदराबाद । विश्वनाथन आनंद, प्रज्ञानानंद, डी गुकेश जैसे शतरंज के महान खिलाड़ी दुनिया में भारत का नाम रोशन कर चुके हैं. इस बीच तमिलनाडु के छठी क्लास के एक छात्र भरत कुमार ने फ्री. स्टाइल चेस की मुश्किल कैटेगरी में 6 घंटे में 50 खिलाड़ियों को हराकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया.

नियमित शतरंज मैचों में, इस्तेमाल किए जाने वाले सभी मोहरों को एक खास क्रम में रखा जाता है. हालांकि, फ्रीस्टाइल शतरंज या चेस 960 नाम के खेल में, सिर्फ प्यादे ही अपने क्रम में होते हैं. उनके पीछे के मोहरे – राजा, रानी, बिशप, घोड़ा और बिशप – आपस में बदल दिए जाते हैं.

कहा जाता है कि इस खेल को चेस 960 इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसमें मोहरों की कुल 960 अलग–अलग स्थितियां हो सकती हैं. संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व शतरंज विश्व चौंपियन, बॉबी फिशर ने सबसे पहले चेस 960 के इस खेल को पेश किया था. साथ ही, आप इसे शुरुआती चालों को याद करके नहीं खेल सकते. आपको हर बार नई रणनीतियां अपनानी होंगी. इसलिए, इसे एक बहुत मुश्किल मुकाबला माना जाता है.

भरत कुमार तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के रहने वाला है. उसकी उम्र केवल 11 साल है और वो छठी क्लास में के छात्र है. उनके पिता सेल्वा मणिकंदन पलयानकोट्टई एक शतरंज कोच और इंटरनेशनल शतरंज आर्बिटर हैं. उनके बेटे ने चेस 960 कैटेगरी में श्वर्ल्ड नोबेल रिकॉर्डश अवॉर्ड जीतकर भारत और तमिलनाडु को गर्व महसूस कराया है.

## अमेरिकी वीजा सख्ती का असर, भारतीय प्रोफेशनल्स की बढ़ी भारत वापसीं

**नई दिल्ली।** अमेरिका में इमिग्रेशन और वीजा नियमों को लेकर बढ़ती सख्ती का असर वहां काम कर रहे भारतीय प्रोफेशनल्स पर साफ नजर आने लगा है. एच–1बी और एल–1 जैसे नॉन–इमिग्रेंट वीजा पर कार्यरत अधिकारियों को बार–बार बदलते नियमों, कड़े अनुपालन और मंजूरी में देरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान इन नीतियों में और सख्ती आई है, जिससे अमेरिका में लंबे समय तक करियर की योजना बनाना कठिन होता जा रहा है. इस बदलते माहौल के बीच रिवर्स ब्रेन ड्रेन की प्रक्रिया तेज होती दिख रही है. बीते एक साल में बड़ी संख्या में भारतीय प्रोफेशनल्स अमे. रिका छोड़कर भारत लौटे हैं.

## रिलायंस जियो का आईपीओ जून तक दे सकता है दस्तक, जानिए कितनी होगी कीमत




नईदिल्ली। रिलायंस जियो की वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही तक अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की हालिया वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने जून, 2026 तक रिलायंस जियो के शेयरों को सूचीबद्ध करने की घोषणा की। विभिन्न निवेश बैंकों के अनुसार, इसका अनुमानित मूल्यांकन 130–170 अरब डॉलर (करीब 11,700–15,300 अरब रुपये) के बीच है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह कंपनी अपनी 2.50 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस जियो का आईपीओ लगभग 4 अरब डॉलर (करीब 360 अरब रुपये) का होने की उम्मीद है, जो भारतीय प्राथमिक बाजार के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा निर्गम होगा। मुकेश अंबानी ने एजीएम में घोषणा की कि कंपनी का लक्ष्य भारतीय बाजार प्राधिकरणों से सभी आवश्यक नियामक स्वीकृतियां प्राप्त होने के बाद 2026 की पहली छमाही में जियो को सूचीबद्ध करना है। इसलिए, आईपीओ के जून तक बाजार में आने की उम्मीद है।

बिगुल के अनुसार, रिलायंस जियो आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम 93 रुपये प्रति शेयर है। इसका मतलब है कि कंपनी के शेयर ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस फाइलिंग से काफी पहले ही ग्रे मार्केट में उपलब्ध हैं। बोनान्जा के रिसर्च एनालिस्ट अभिनव तिवारी ने कहा, घोषित 130–170 अरब डॉलर के मूल्यांकन दायरे के आधार पर और खुदरा निवेशकों को 15–20 फीसदी की छूट मानते हुए आईपीओ के शेयर की अपेक्षित कीमत 1,048–1,457 रुपये शेयर के बीच रहने की संभावना है।

## बजट 2026 की तैयारी में जुटा केंद्र, प्री-बजट बैठक में राज्यों ने रखीं अपनी मांगें

नई दिल्ली। केंद्रीय बजट से पहले आयोजित प्री–बजट परामर्श बैठक को लेकर देश के कई राज्यों ने इसे बेहद सकारात्मक और उपयोगी बताया है. इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की, जिसमें मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों और वित्त मंत्रियों ने हिस्सा लिया. बैठक का मकसद साफ थाकृआगामी बजट से पहले राज्यों की जरूरतों, समस्याओं और सुझावों को सीधे केंद्र सरकार तक पहुंचाना.

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य से जुड़े खास मुद्दे बैठक में रखे. उन्होंने पिछले पांच सालों से चल रही केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं को आगे भी जारी रखने की मांग की. उनके मुताबिक, ये योजनाएं गोवा के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं और इन्हें रोकना राज्य के लिए नुकसानदायक होगा.

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बैठक में सभी राज्यों से सुझाव मांगे गए. यूपी ने अपने प्रस्ताव इस सोच के साथ रखे कि राज्य को किस तरह श्उत्तम प्रदेशश् बनाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि हर राज्य की कोशिश यही है कि उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो और विकास की रफ्तार तेज हो.

तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने बैठक में कहा कि राज्यों को कई तरह की वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे अहम क्षेत्रों के लिए ज्यादा फंड की जरूरत पर जोर दिया. उनके मुताबिक, अगर इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा तो इसका सीधा फायदा आम लोगों को मिलेगा.

पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि उन्होंने केंद्र के सामने राज्य के लंबित बकाये का मुद्दा मजबूती से रखा. उन्होंने बताया कि करीब 1.97 लाख करोड़ रुपये अब भी बकाया हैं, जिन्हें जारी किया जाना जरूरी है.

## डब्ल्यूपीएल 2026: मुंबई की दिल्ली पर शानदार जीत

नवी मुंबई,। डिफेंडिंग चौंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) ने डब्ल्यूपीएल 2026 सीजन के अपने पहले मैच में हार के 24 घंटे के अंदर ही शानदार वापसी करते हुए शनिवार 10 जनवरी को डीवाई पाटिल स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 50 रनों से हरा दिया.

नैट साइवर–ब्रंट और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 70 और 74 रन की शानदार पारियां खेलकर एमआई को 195/4 के स्कोर तक पहुंचाया. डीसी की चेज शुरू से ही लड़खड़ा गई क्योंकि पावरप्ले के अंदर ही उनका टॉप ऑर्डर ढह गया. इसके बाद, चिनले हेनरी के 56 रन के बावजूद, 195 रन का लक्ष्य धीरे–धीरे पहुंच से बाहर होता गया और दिल्ली 19 ओवर में 149 रन पर ऑल आउट हो गई, जिससे मुंबई ने शानदार तरीके से अपनी जीत की शुरुआत की. मुंबई के लिए, अमेलिया केर और निकोला कैरी ने निर्णायक स्पेल डाले और दोनों ने तीन–तीन विकेट लिए. पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की तरफ से नैट साइवर ने 46 गेंदों में 70 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल थे, जबकि हरमनप्रीत ने 42 गेंदों में नाबाद 74 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे. इसी वजह से उनको प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया.

जिसकी वजह से मुंबई एक बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा. 196 रनों का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही क्योंकि उनकी आधी टीम 46 के स्कोर पर ही पवेलियन लौट गई. दूसरे छोर से विकेट गिरने के बावजूद, चिनले हेनरी एक तरफ से क्रीज पर डटी रहीं और 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया. लेकिन यह कोशिश काफी नहीं रही क्योंकि डीसी काफी पीछे रह गई, जिससे एमआई को इस सीजन की पहली जीत मिली. मुंबई को टूर्नामेंट के पहले मैच में आरसीबी के हाथों तीन विकेट हार का सामना करना पड़ा था. जब उनकी टीम 154 रन नहीं बचा पाई थी.

# ईरान संकट से भारत का व्यापारिक गणित बिगड़ा! बासमती चावल, चाय समेत अरबों डॉलर के निर्यात पर संकट



**नई दिल्ली।** ईरान में महंगाई, बेरोजगारी और ईरानी मुद्रा में लगातार गिरावट के विरोध में शुरू हुए प्रदर्शन अब हिंसक रूप ले चुके हैं. बीते साल जून 2025 में इस क्षेत्र में इजराइल और अमेरिका के साथ टकराव के बाद यह दूसरी बार है जब ईरान गंभीर संकट में फंसा है. देशभर में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं और स्थिति राजनीतिक तथा आर्थिक दृष्टि से अनिश्चित हो गई है. यह संकट भारत के लिए भी गंभीर हो सकता है क्योंकि ईरान भारत के क्षेत्रीय और व्यापारिक हितों के लिए एक अहम स्थान रखता है. ईरान भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक और व्यापारिक केंद्र है. भारत ने मध्य एशिया, रूस और यूरोप तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं में निवेश किया है, जिनमें ईरान एक अहम ट्रांजिट हब के रूप में काम करता है. विशेषकर ईरान के दक्षिण–पूर्वी तट पर स्थित चाबहार बंद. रगाह भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. यह बंदरगाह पाकिस्तान को बायपास करते हुए भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधा मार्ग देता है. यदि ईरान में अशांति और अस्थिरता बढ़ती है तो चाबहार बंदरगाह और इंटरनेशनल नॉर्थ–साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) से माल की आवाजाही प्रभावित हो सकती है.

ईरान में मुद्रा संकट और खाद्य सब्सिडी वापस लिए जाने के कारण भारतीय बा. समती निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है. लगभग 2,000 करोड़ का बा. समती चावल अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों पर अटका हुआ है. ईरानी रियाल के भारी अवमूल्यन (1.5 लाख रियाल प्रति डॉलर तक) ने वहां आयात को अत्यधिक महंगा बना दिया है, जिससे पंजाब और हरियाणा के किसानों और मिल मालिकों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है.

वाणिज्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 1.68 अरब डॉलर था. इसमें भारत का निर्यात लगभग 1. 24 अरब डॉलर और आयात 0.44 अरब डॉलर था, जिससे भारत को करीब 0.80 अरब डॉलर का व्यापा. रिक लाभ हुआ. भारत ईरान को मुख्य रूप से चावल, चाय, चीनी, दवाइयां, कृत्रिम फाइबर, विद्युत मशीनरी और आ. र्टिफिशियल ज्वेलरी निर्यात करता है. भारत अपने कुल बासमती निर्यात का लगभग 20त्न अकेले ईरान को भेजता है. वहीं, ईरान से भारत आने वाले प्रमुख उत्पादों में सूखे मेवे, अकार्बनिक और कार्बनिक रसायन, कांच के बर्तन और अन्य वस्तुएं शामिल हैं. ईरान में चल रहे संकट और इंटरनेट ब्लैकआउट के कारण कार्गो हैंडलिंग और आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है. इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय उत्तर–दक्षिण परिवहन गलियारे के माध्यम से होने वाले व्यापार की लागत बढ़ने और शिपमेंट में देरी होने का जोखिम है. भारत के लिए अमेरिका और ईरान के बीच संतुलन बनाना कठिन हो गया है।

हालांकि अमेरिका ने अप्रैल 2026 तक चाबहार बंदरगाह के लिए प्रतिबंधों में छूट दी है, लेकिन ईरान की आंतरिक अस्थिरता और इजरायल–ईरान तनाव भारत के रणनीतिक निवेशों के लिए अनिश्चितता पैदा कर रहे हैं। अगर ईरान में अशांति लंबी अवधि तक जारी रहती है, तो भारत के लिए व्यापारिक और रणनीतिक मार्गों में बाधा उत्पन्न हो सकती है. चाबहार बंदरगाह और आईएनएसटीसी पर माल की आवाजाही धीमी होने से भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रभावित हो सकती है. इससे भारत के निवेश और रणनीतिक परियोजनाओं पर भी असर पड़ सकता है.

# कामकाजी महिलाएं जरूर अपनाएं ये 5 फैशन टिप्स, हमेशा लगेंगी खूबसूरत



कामकाजी महिलाओं के लिए सही कपड़े चुनना कभी–कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऑफिस के माहौल में पेशेवर दिखना और साथ ही आरामदायक महसूस करना जरूरी है। सही कपड़े न केवल आत्मविश्वास बढ़ाते हैं बल्कि पेशेवर छवि भी मजबूत करते हैं। इस लेख में हम कुछ ऐसे फैशन टिप्स साझा करेंगे, जो कामकाजी महिलाओं के लिए मद. दगार साबित हो सकते हैं और उन्हें हर दिन स्टाइ. लिश और आत्मविश्वासी बनाए रख सकते हैं।

**सही फिटिंग वाले कपड़े पहनें**

कपड़ों की फिटिंग सबसे अहम होती है। ढीले या बहुत कसकर फिट होने वाले कपड़े न पहनें क्योंकि ये आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं। सही फिटिंग वाले कपड़े न केवल आपको आरामदायक महसूस कराएंगे बल्कि पेशेवर छवि भी देंगे। अगर आपके पास सही साइज के कपड़े नहीं हैं तो उन्हें सिलवा लें या फिर सही साइज के कपड़े खरीदें। ध्यान रखें कि आपके कपड़े आपके शरीर के आकार के अनुसार होने चाहिए।

**रंगों का चयन सोच–समझकर करें**

रंगों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे पेशेवर दिखें और आपके व्यक्तित्व को उभारें। काले, नीले, भूरे जैसे रंग ऑफिस के लिए बेहतरीन होते हैं क्योंकि ये गंभीरता और पेशेवरता का एहसास दिलाते हैं। हालांकि, आप चाहें तो हल्के पेस्टल रंग भी चुन सकती हैं, जो ताजगी और नयापन लाते हैं। इसके अलावा आप अपने कपड़ों में छोटे–छोटे रंगीन एक्सेंट जोड़ सकती हैं, जैसे कि दुपट्टा या बेल्ट, जो आपके लुक को खास बनाएंगे।

**कपड़ों की गुणवत्ता पर ध्यान दें**

कपड़ों की गुणवत्ता बहुत जरूरी होती है। सस्ते कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं और उनका लुक भी अच्छा नहीं लगता। इसलिए हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले कपड़े ही खरीदें। सूती, लिनेन और ऊनी कपड़े सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये लंबे समय तक चलते हैं और आरामदायक भी होते हैं। इसके अलावा इनकी देखभाल करना भी आसान होता है। अच्छे कपड़ों का चुनाव आपके पेशेवर लुक को निखारता है और आपको आत्मविश्वासी बनाता है।

**एक्सेसरीज का सही उपयोग करें**

एक्सेसरीज आपके लुक को पूरा करती हैं इसलिए इन्हें नजरअंदाज न करें। हालांकि, एक्सेसरीज चुनते समय संतुलन बनाए रखें ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे। छोटे कान की बालियां, एक साधारण घड़ी और एक अच्छी गुणवत्ता वाला हैंडबैग आपके लुक को खास बनाएंगे। इसके अलावा आप हल्के गहनों का भी चयन कर सकती हैं, जो आपके व्यक्तित्व को उभारेंगे और आपको आत्मविश्वासी बनाए रखेंगे। सही एक्सेसरीज आपके पेशेवर लुक को निखारती हैं।

**फुटवियर्स का चयन सोच–समझकर करें**

फुटवियर्स का चयन करते समय आरामदायक होने के साथ–साथ स्टाइलिश भी होना चाहिए। हाई हील्स फुटवियर्स पहनना चाहती हैं तो मध्यम ऊंच. ाई वाले चुनें जो पूरे दिन पहनने योग्य हों। फ्लैट फुटवियर्स भी अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये आरामदायक होते हैं ।

## रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 की नई रिलीज डेट आई सामने, एक बार फिर बुराई खत्म करने निकली शिवानी शिवाजी रॉय

मर्दानी 3 इस साल की मोस्ट अवेटिड फिल्मों में से एक हैं. फैंस इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे मगर अब ये इंतजार ज्यादा दिन का नहीं होने वाला है. रानी मुखर्जी एक बार फिर सुपरकॉप शिवानी शिवाजी रॉय बनकर वापसी कर रही हैं. रानी मुखर्जी को बड़े पर्दे पर देखना शानदार होगा. मेकर्स ने मर्दानी 3 की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है. इसके साथ ही फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज किया है. पोस्टर में रानी मुखर्जी भारत में लापता हुई लड़कियों को ढूंढती नजर आ रही हैं. उनका इस बार अंदाज बिल्कुल पहले की तरह ही है. बस इस बार एक्शन और ज्यादा नजर आएगा.

यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करके जानकारी दी है कि फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा– वो तब तक नहीं रुकेगी, जब तक वह उन सभी को बचा नहीं लेती! रानी मुखर्जी निडर पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में मर्दानी 3 में वापस आ रही हैं।

# नायरा बनर्जी ने बताया, कैसे एक वीडियो कॉल ने बदल दी उनकी फिल्मी दुनिया



नायरा बनर्जी ने अपनी फिल्म, अनुभव और अभिनय सफर के बारे में खुलकर बात की। नायरा बनर्जी ने कहा, फिल्म की कहानी सुनते ही मैंने तुरंत इसका हिस्सा बनने की ठान ली थी। निर्देशक और लेखक अभिषेक ने मुझे वीडियो कॉल के जरिए पूरी कहानी सुनाई। उस समय मैं दुबई में थी, उन्होंने करीब दो घंटे तक कहानी इतनी ऊर्जा, भाव और उत्साह के साथ सुनाई कि मेरे होश उड़ गए। मुझे कहानी की हर बा. रीकी और भावना को समझाया। उसी वक्त मैंने तय कर लिया कि मुझे यह फिल्म करनी है। फिल्म के कास्ट के बारे में नायरा बनर्जी ने कहा, जब मैंने जानना चाहा कि कौन–कौन इसमें काम कर रहा है, तो मेरे लिए सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम आशुतोष राणा था, जो चाचा के रोल में थे। मैंने उन्हें हमेशा गंभीर और सशक्त किरदारों में देखा हैय ऐसे में इस नई भूमिका में उन्हें देखना बिल्कुल नया और ताजगी भरा अनुभव लगा। उन्होंने कहा, मुकेश तिवारी, अभिमन्यु सिंह, आनंद जोशी, ललित प्रभाकर और हर्ष मायर जैसे अनुभवी कलाकारों के साथ काम करना चुनौतीपूर्ण लेकिन सीखने वाला रहा। मेरे ज्यादातर सीन अभिमन्यु सिंह और आशुतोष राणा के साथ थे, जिनके सामने अपनी एक्टिंग बनाए रखना आसान नहीं था।

नायरा बनर्जी ने अपने किरदार की खासियत के बारे में बताते हुए कहा, शूटिंग के पहले दिन से ही मुझे डांस करने का मौका मिला। मेरा डांस शेड्यूल कई दिनों तक चला। फिल्म का यह गाना इश्क ढिशूम अब ट्रेंड कर रहा है और लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसका ऐसा जबरदस्त रिस्पॉन्स मिलेगा। नायरा बनर्जी ने आशुतोष राणा के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा, मेरे लिए सबसे बड़ी चुना. ैती बिहारी एक्सेंट था। मैंने पहले ऐसा रोल कभी नहीं किया था। लेकिन आशुतोष के साथ रोमांटिक सीन करते समय उस एक्सेंट में काम करना मेरे लिए बेहद मजेदार और प्यारा अनुभव साबित हुआ। सेट पर हर वक्त मजेदार माहौल रहता था। कोई ना कोई हमेशा मजाक करता रहता था और सभी एक–दूसरे की एक्टिंग देखकर हंसते रहते थे। कभी–कभी मुझे मुंह पर हाथ रखना पड़ता था ताकि शूटिंग के दौरान हंसी ना फूटे।

> अभिनेत्री नायरा बनर्जी अपनी आने वाली फिल्म वन टू चा चा चा को लेकर काफी चर्चाओं में है। यह फिल्म कॉमेडी, अफरातफरी और किरदारों से भरपूर मनोरंजन का जबरदस्त पैकेज है। इस फिल्म में अभिनेता आशुतोष राणा लीड रोल में हैं।

## अवनीत कौर ने पार की बोल्डनेस की सारी हदें! ट्रांसपेरेंट ड्रेस में दिखाया कर्वी फिगर

चंद्र नंदिनी और अलादीन–नाम तो सुना होगा जैसे टीवी सीरियल्स से अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर अक्सर अपनी हॉट तस्वीरों और बोल्ड अदाओं से इंटरनेट का पारा हाई करती रहती हैं, लेकिन इस बार तो एक्ट्रेस ने ट्रांसपेरेंट ड्रेस में किलर अदाओं से बोल्डनेस की सारी हदें ही पार कर दी. अवनीत के सिजलिंग पोज और ग्लैमरस लुक देखकर फैंस की तो सांसे ही थम रही हैं.



अवनीत कौर उन गिनी–चुनी एक्ट्रेसेस में शामिल हैं, जो अपने बोल्ड और ग्ल. ैमरस अंदाज से खूब सुर्खियां बटा. ेरती हैं. स्टाइल और फैशन के मामले में उनकी चॉइस इतनी टॉप नॉच होती है कि, वह बड़ी–बड़ी मॉडल्स को भी टक्कर देती नजर आती हैं. उनके फैंस उनके हर नए लुक का बेसब्री से इंतजार करते हैं.

वहीं अब अवनीत ने इंस्टाग्राम पर अपी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर अच्छे–अच्छों के होश उड़ जाएंगे. दरअसल, इसमें एक्ट्रेस ट्रांसपेरेंट गाउन में सिजलिंग और हॉट लुक से जबरदस्त ला. इमलाइट बटोर रही हैं.

वैसे तो अवनीत कौर का हर आउटफिट एक नया स्टाइल स्टेटमेंट बन जाता है और फैशन ट्रेंड सेट करता है, लेकिन इस बार उन्होंने अपनी लाजवाब खूबसूरती और स्टाइल से फैंस को अपना मुरीद बना लिया है.

लेटेस्ट फोटो में अवनीत ने सिल्वर कलर का एक बेहद खूबसूरत और ट्रांसपेरेंट ड्रेस कैरी किया है, जिसमें हैवी एंब्रॉयडरी की गई है, जो इस लुक को एक रॉयल और ग्रैंड फील दे रहा है. अवनीत के इस लुक को देखकर हर कोई उन पर लट्टू हुए जा रहा है.

अवनीत ने सिर्फ आउटफिट पर ही ध्यान नहीं दिया, बल्कि उनका हेयर, मेकअप और ज्वेलरी बिल्कुल टॉप नॉच लग रहा है. उन्होंने शिमरी आई मेकअप और ग्लॉसी लिप्स के साथ हैवी मेकअप से अपना लुक कंप्लीट किया है. स्टेटमेंट इयरिंग्स और खुले बालों में वह बला की हसीन और आकर्षक लग रही हैं.

इस स्टाइलिश और रॉयल आउटफिट में अवनीत ने एक–दो नहीं, बल्कि अलग–अलग किलर पोड देते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं. इस पिक्चर्स में अवनीत बला की खूबसूरत लग रही हैं. वहीं पोज के साथ एक्ट्रेस ने खुलकर कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है.

अवनीत कौर की लेटेस्ट तस्वीरों पर फैंस भी जमकर प्यार लुटा रहे हैं, हार्ट और फायर इमोजी के साथ–साथ कमेंट्स में तारीफों के पुल बांध रहे हैं. इसी कड़ी में एक यूजर ने तो एक्ट्रेस को नया नाम तक दे डाला. यूजर ने अवनीत के इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, किलरकौर हॉटनेस ओवरलोडेड.

# ओ रोमियो का वायलेंस टीजर रिलीज, मासी–क्लासी लुक में शाहिद कपूर ने मचाया आतंक, दिखा खूंखार अंदाज

शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज की कमीने वाली जोड़ी एक बार फिर धमाल करने जा रही है. दोनों की जोड़ी की फिल्म ओ रोमियो अगले महीने रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म से शाहिद कपूर का नया पोस्टर आया था और टीजर का भी इंतजार खत्म हो गया है. फिल्म ओ रोमियो के टीजर में शाहिद कपूर का अंदाज बिल्कुल अलग और हटके दिख रहा है. शाहिद कपूर के साथ–साथ फिल्म में कौन–कौन एक्टर नजर आएगा, टीजर में सबके चेहरे उनके धांसू रोल के साथ नजर आ गए हैं. चलिए देखते हैं आखिर कैसा है शाहिद कपूर की नई फिल्म ओ रोमियो का टीजर.

1.35 मिनट का ओ रोमियो का टीजर मारदाड़ और मारकाट से भरा पड़ा है. साथ ही शाहिद कपूर का रोमियो वाला स्वैग देखने को मिल रहा है. खून से लथपथ शाहिद कपूर पहली बार इस तरह मासी और क्लासी रोल करने जा रहे हैं. हांलाकि कमीने, हैदर और कबीर सिंह में भी उनका अलग अदांज दिखा था, लेकिन यह उससे हटके हैं. टीजर में लैला–मजनू वाले आशीष तिवारी का लुक सबसे इंप्रेसिव और अट्रैक्टिव है. आशीष के लुक पर ज्यादा काम किया हैं, उन्हें देखकर लगता है. नाना पाटेकर और फरीदा जलाल जैसे दिग्गज कलाकार के चेहरे भी टीजर में दिखे हैं. तमन्ना भाटिया और तृप्ति डिमरी के रोल इंटेंस नजर आ रहे हैं. टीजर में दोनों ही हसीनाएं साइलेंट मोड में दिखी हैं. दिशा पटानी और विक्रांत मैसी भी शानदार लुक में नजर आए हैं.फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं सिनेमा के मास्टर स्टोरीटेलर विशाल भारद्वाज, जिनके साथ शाहिद कपूर की जोड़ी पहले भी हैदर और कमीने जैसी यादगार फिल्में दे चुकी है. फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में नजर आएंगी, जिनकी मौजूदगी कहानी को और दिलचस्प बनाने का वादा करती है. इस फिल्म को नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है और इसे वैलेंटाइन वीक, यानी 13 फरवरी 2026 को रिलीज किया जाएगा.

# विजय सेतुपति ने प्रिया भवानी शंकर की फिल्म 'हॉटस्पॉट 2' का ट्रेलर किया रिलीज

अभिनेता विजय सेतुपति ने मंगलवार को निर्देशक विग्नेश कार्तिक की आगामी मनोरंजक फिल्म हॉटस्पॉट 2 का ट्रेलर रिलीज किया, जिसे देखकर प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विजय सेतुपति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का ट्रेलर साझा करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि हॉटस्पॉट 2 का ट्रेलर आज के दौर से जुड़ी कई सामाजिक और सांस्कृतिक बातों पर व्यंग्य करता है। हाल ही में जारी ट्रेलर से साफ होता है कि हॉटस्पॉट फ्रेंचाइजी की यह दूसरी किस्त भी पहली फिल्म की ही तर्ज पर हास्य और व्यंग्य से भरपूर होगी। ट्रेलर की शुरुआत एक मां और उसकी किशोर बेटी की बातचीत से होती है, जिसमें मां बेटी से उसके बॉयफ्रेंड की जाति के बारे में पूछती है। इस पर बेटी जवाब देती है, वे हमारे ही लोग हैं, क्या आप उन्हें देखकर नहीं पहचान सकतीं? मां जब हैरानी जताती है तो बेटी मजाकिया अंदाज में कहती है, उनकी पूंछ नहीं है, मतलब वे हमारी ही प्रजाति के हैं।

ट्रेलर में अभिनेता अश्विन कुमार का एक दृ श्य भी दिखाया गया है, जिसमें वह अपने नशे में धुत दोस्त पर नाराज होते हैं कि वह उनकी जरूरी बात के दौरान सो रहा है। जवाब में दोस्त कहता है, सॉरी मचान, जो कहानी मुझे पसंद नहीं आती, उसमें नींद आ ही जाती है। यह सीन कुछ साल पहले अश्विन कुमार से जुड़े एक विवाद की ओर भी इशारा करता है।

ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि रक्षन और आदित्य बास्कर फिल्मी सितारों के कट्टर प्रशंसकों की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, प्रिया भवानी शंकर की भूमिका को लेकर फिलहाल सस्पेंस बना हुआ है, हालांकि एक दृश्य में वह उम्रदराज हीरो के साथ युवा अभिनेत्री को कास्ट किए जाने के चलन पर टिप्पणी करती दिखती हैं।

इसके अलावा, फिल्म में सशक्त महिला किरदार भी नजर आते हैं, जो डिंक (डबल इनकम, नो किड्स) फैमिली और कफिंग रिलेशनशिप जैसे आधुनिक विचारों पर खुलकर बात करती हैं।

विग्नेश कार्तिक के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रिया भवानी शंकर, थम्बी रामैय्या, रक्षन, अश्विन कुमार और आदित्य बास्कर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा एम. एस. भास्कर, भवानी श्री, ब्रिगिडा सागा और संजना तिवारी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।




**आवश्यकता है**

प्रिय बन्धुओं,

**सर्वोदय टाइम्स** हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रदेश व जिला स्तर पर संवाददाता, संवादसूत्र, विज्ञापन प्रतिनिधि और ब्यूरो चीफ के पद रिक्त हैं इच्छुक लोग समाचार पत्र में जुड़ने के लिए सम्पर्क करें–

सम्पादक
डॉ. आलोक कुमार गुप्ता
मो 9792141442

नोट : समस्त पाठकों से निवेदन हैं समय समय पर अपने सुझावों को हमें अवश्य बताए और अपने विचारों को कलम रूप देकर लेख कहानी एवं कविता को प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें–
timessarvoday@gamil.com

# बाल पतले हैं तो इन तरीकों से करें उनकी देखभाल, मिलेगा फायदा



अगर आपके बाल पतले हैं तो यकीनन इससे आपको काफी परेशानी होती होगी। पतले बाल न सिर्फ घने दिखते हैं, बल्कि इन्हें संभालना भी मुश्किल होता है। इसके लिए आपको विशेषज्ञों से बालों की देखभाल के सुझाव लेने की जरूरत नहीं है। आप खुद भी कुछ आसान तरीकों से अपने बालों को घना और मजबूत बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपाय और सुझाव देंगे, जिनसे आपके बालों में जान आ जाएगी।

**नारियल तेल का करें इस्तेमाल**

नारियल तेल बालों की जड़ों को मजबूत करता है और उन्हें घना बनाता है। नारियल तेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को अंदर से पोषण देते हैं। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि थोड़ी–सी मात्रा में नारियल तेल लें और हल्के हाथों से अपनी सिर की त्वचा पर मालिश करें। इसे रातभर लगाकर रखें और सुबह धो लें। नियमित रूप से इस प्रक्रिया को अपनाने से आपके बाल मजबूत और घने दिखेंगे।

**एलोवेरा जेल लगाएं**

एलोवेरा जेल बालों को नमी देता है और उन्हें टूटने से बचाता है। यह बा. लों की जड़ों तक पोषण पहुंचाता है, जिससे वे मजबूत होते हैं। इसके लिए ताजे एलोवेरा जेल को अपनी सिर की त्वचा पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 20 मिनट बाद इसे धो लें। नियमित रूप से इस प्रक्रिया को अपनाने से आपके बालों में नमी बनी रहती है और वे टूटने से बचते हैं, जिससे वे घने और मजबूत दिखते हैं।

**गर्म तेल से मालिश करें**

गर्म तेल से मालिश करने से खून का संचार बढ़ता है, जिससे बालों की जड़ों तक पोषण पहुंचता है। इसके लिए सरसों या जैतून का तेल गर्म करें और हल्के हाथों से अपनी सिर की त्वचा पर मालिश करें। इसे रातभर लगाकर रखें और सुबह धो लें। नियमित रूप से इस प्रक्रिया को अपनाने से आपके बाल मजबूत और घने दिखेंगे। यह तरीका आपके बालों को अंदर से पोषण देता है, जिससे वे टूटने से बचते हैं।

**सही आहार लें**

आपका आहार भी आपके बालों की सेहत पर असर डालता है। विटा. मिन–ए, विटामिन–सी, विटामिन–ई और प्रोटीन से भरपूर खाने का सेवन करें ताकि आपके बालों को जरूरी पोषक तत्व मिलें। हरी सब्जियां, फल, दालें और नट्स अपने खाने में शामिल करें। इन सुझावों को अपनाकर आप अपने पतले बालों को घना और मजबूत बना सकते हैं। इन उपायों का नियमित उपयोग आपके बालों की सेहत को सुधारने में मदद करेगा।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र सर्वोदय टाइम्स

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक आलोक कुमार गुप्ता द्वारा स्पेक्ट्राविजन मीडिया (प्रा0) लि.89/211 रामगोपाल विद्यांत रोड, मकबूलगंज, लखनऊ से छपवाकर 67 मोनार्क सिटी, रिंगरोड, डिप्टी खेड़ा पारा, लखनऊ (उ0प्र0)से प्रकाशित। सम्पादक : आलोक कुमार गुप्ता मो 9792141442 RNI No.-UPHIN/2011/38288 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा